
हरिभूमि
# रायपुर भूमि







## परीक्षा देकर निकले छात्र तो पालकों ने तालियों से किया स्वागत, इधर... दो स्तर की जांच के बाद बदला सेंटर!

**मायाराम सुरजन शासकीय विद्यालय में हंगामा, कई जगह बगैर शेड धूप में जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को दोबारा आयोजित हुई नीट में जब छात्र परीक्षा दिलाकर केंद्र से बाहर निकले तो कतार बनाकर खड़े पालकों ने ताली बजाकर उनका स्वागत किया। ऐसा संभवतः पहली बार है, जब परीक्षा केंद्र से निकलने पर विद्यार्थियों का स्वागत हुआ। इस दौरान पालकों ने कहा, नीट का आयोजन दोबारा होने से बच्चे तनाव में थे। देशभर से आत्महत्या की खबरें सामने आई हैं। पर्चे लीक होने पर सिस्टम से बच्चों का विश्वास उठ जाता है। इन हालातों में जब वे परीक्षा दिलाकर लौटे तो उनका विश्वास बनाए रखने और परीक्षा तक हिम्मत रखने उनके लिए तालियां बजाईं। इस दौरान कई छात्रों के आंखों में आंसू भी ▶▶|शेष पेज 13 पर



### डटे रहे साइबर कमांडो

*नीट में पहली बार साइबर कमांडो की सेवाएं ली गईं। पेपर लीक, धोखाधड़ी, और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों को रोकने के लिए एनटीए द्वारा पुलिस विभाग की मदद से विशेष 'साइबर कमांडो' तैनात किए गए। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, उनके द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर परीक्षा प्रारंभ होने से पहले ही निगरानी प्रारंभ कर दी गई थी। फेसबुक, व्हाट्सएप, और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पेपर लीक से जुड़ी फर्जी खबरों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर उनके द्वारा रखी गई। परीक्षा से पहले और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के* ▶▶|शेष पेज 13 पर

### धूप में खड़े रहे परिजन

परीक्षा के पूर्व जिला प्रशासन द्वारा सभी केंद्रों का निरीक्षण किया गया था। कलेक्टर ने भी स्वयं कई केंद्रों का दौरा किया। धूप को देखते हुए शेड की व्यवस्था करने निर्देश दिए गए थे। लंबी चलने वाली जांच प्रक्रिया को देखते हुए शेड में ही जांच करने कहा गया था। अधिकतर केंद्रों में इसकी व्यवस्था की गई थी। लेकिन पालकों के लिए विशेष इंतजाम नहीं किए गए। छात्रों को कोई दिक्कत ना हो अथवा परीक्षा के दौरान किसी दस्तावेज की जरूरत ना हो, इसलिए पालक परीक्षा समाप्त होने तक केंद्र के बाहर ही खड़े रहे।

- **राजधानी में बनाए गए 25 परीक्षा केंद्र 9050 छात्रों ने किया था आवेदन**





### मौसम व आंधी-तूफान से निपटने जनरेटर

*प्री मानसून के समय को देखते हुए सभी केंद्रों में विपरित परिस्थितियों से निपटने तैयारी की गई थी। बिजली जाने की स्थिति में जनरेटर तैयार रखे गए थे। रायपुर में आवेदनकर्ता 9050 छात्रों में से 90.25% छात्र परीक्षा दिलाने पहुंचे। प्रदेश में 45 हजार छात्रों ने नीट के लिए आवेदन किया था। गौरतलब है कि री-नीट में केवल उन्हीं छात्रों को शामिल होने की अनुमति प्रदान की गई थी, जिन्होंने पहले हुई परीक्षा के लिए आवेदन किया था। परीक्षा के दौरान छात्रों की जांच तीन चरणों में हुई। मुख्य द्वार में प्रवेशपत्र सहित सामान्य कागजात देखे गए। इसके पश्चात भीतर छात्रों के कपड़ों, चप्पल सहित अन्य जांच हुई। छात्रों के कानों की बालियां, कलावा, नोज रिंग आदि उतरवाए गए। जिन छात्रों ने मोटे तले के स्लीपर पहने थे, उन्हें नंगे पैर परीक्षा दिलानी पड़ी। अंतिम चरण में बायोमेट्रिक सत्यापन हुआ। परीक्षा केंद्र तय समय पर बंद कर दिए गए थे।*

## खबर संक्षेप

### चश्मा दुकान संचालक से 45 हजार की ठगी



**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक चश्मा दुकान के संचालक ने अज्ञात ठग के खिलाफ चश्मा खरीदने के बहाने फर्जी पेमेंट स्लीप दिखाकर 45 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंडरी में जयश्री आप्टिकल के संचालक टीकम मोटवानी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को उसके दुकान में एक व्यक्ति ने 45 हजार रुपए कीमत के चश्मे खरीदे। रकम भुगतान करने जालसाज ने चश्मा दुकान के अकाउंट में रकम ट्रांसफर करने की बात कहकर ट्रांजेक्शन रसीद दिखाई। अकाउंट चेक करने पर पता चला कि जालसाज फर्जी ट्रांसफर स्लीप दिखाकर चश्मे लेकर रफूचक्कर हो गया।

### सीमेंट का फर्जी आर्डर लेकर 4.80 लाख की ठगी



**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक कंस्ट्रक्शन कारोबारी ने अज्ञात के खिलाफ कम दर पर सीमेंट उपलब्ध कराने का झांसा देकर 4.80 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जीके कंस्ट्रक्शन के पार्टनर कमल कलवानी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। कमल ने पुलिस को बताया कि गूगल से अल्ट्राटेक कंपनी का मोबाइल नंबर सर्च करने पर एक नंबर मिला। नंबर पर कॉल किया तो कॉलर ने कहा कि वह अल्ट्राटेक कंपनी का सेल्स मैनेजर है। उसने मार्केट रेट से 20 रुपए बोरी कम कीमत पर सीमेंट देने का झांसा दिया। कारोबारी ने झांसे में आकर सीमेंट का आर्डर किया। इस पर जालसाज ने अपने अकाउंट में एडवांस रकम जमा कराकर कारोबारी को ठगी का शिकार बनाया।

### एक और शराब दुकान से स्कैनर हुआ चोरी



**रायपुर।** टिकरापारा थाने में शराब दुकान के सुपरवाइजर ने अज्ञात चोर के खिलाफ शराब स्कैन करने में इस्तेमाल 30 हजार रुपए कीमत के दो स्कैनर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोषी नगर, गोकुल नगर शराब दुकान के सुपरवाइजर दीपक बाघ ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सुपरवाइजर ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को शाम साढ़े सात से आठ बजे के करीब अज्ञात चोर दुकान से स्कैनर चोरी कर ले गया। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह लाखेनगर प्रीमियम शॉप से अज्ञात चोर शराब दुकान से स्कैनर चोरी कर ले गया था। शराब दुकान में स्कैनर चोरी की यह दूसरी घटना है।

### टिटलागढ़ के तीन कली गांजा की मांग ज्यादा

# रायपुर में गंजेड़ी रोज फूंक रहे 50 किलो गांजा, चिल्हर सप्लाई का सिस्टम बदला

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस की लाख सख्ती के बाद भी गांजा का अवैध कारोबार पूर्व की तरह अब भी संचालित है। तस्कर पान ठेले-अड्डों में बेचने के बजाय ऑनलाइन डिलीवरी कर रहे हैं। पुराना पैटर्न बदलने का बड़ा कारण मुखबिरी होना है। गांजा बिक्री का पैटर्न बदलने के साथ अलग से डिलीवरी चार्ज जोड़कर गांजे की कीमत वसूल जा रहा है। साथ ही तस्कर किसी चिन्हित स्थान के बजाय जगह बदल-बदलकर गांजा बिक्री कर रहे हैं। घुमंतू महिलाओं तथा बच्चों के माध्यम से गांजा की बिक्री कराई जा रही है।

पुलिस अफसरों के अनुसार, राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में रोजाना 50 किलो से ज्यादा गांजा की खपत हो रही है। अलग-अलग गांजा का सेवन करने वाले लोगों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि ओडिशा में कई जिलों से यहां गांजा पहुंचता है, लेकिन बढ़िया क्वालिटी ▶▶|शेष पेज 13 पर





#### अड्डों से ज्यादा कूरियर पर नजर

पूर्व में पुलिस गांजा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने उनके अड्डों पर छापामार कार्रवाई करती थी। इससे बचने तस्कर गांजा को अन्यत्र छिपाकर रख रहे हैं। इसके बाद पुड़िया बनाकर अपने ग्राहकों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। गांजा पहुंचाने के पहले अग्रिम राशि जमा करा लेते हैं, इसके बाद संबंधित लोगों तक गांजा डिलीवर किया जाता है।

#### नए लोगों से परहेज

पूर्व में कोई भी गांजा बिक्री करने के अड्डे पर जाकर आसानी से गांजा खरीद लेता था। अब तस्कर अनजान लोगों को गांजा बेचने से परहेज कर रहे हैं। अगर कोई नया व्यक्ति गांजा खरीदना चाहता है तो उसे उस तस्कर के किसी पुराने ग्राहक के साथ तीन से चार बार गांजा खरीदने के लिए जाना होगा। परिचय होने के बाद ही नए लोगों को गांजा बेच रहे हैं।

#### एक लाख से ज्यादा कर रहे सेवन

सूखे नशे में लोग सबसे ज्यादा सेवन गांजे का ही कर रहे हैं। औसतन 50 किलो बिक्री के हिसाब से देखा जाए तो राजधानी में ही एक लाख से ज्यादा लोग हर रोज गांजा का सेवन कर रहे हैं। इनमें ज्यादातर युवावर्ग ही शामिल है। गांजा प्रति पुड़िया 50 से दो सौ रुपए तक बिक रहा है।

#### महिलाओं-बच्चों को बना रहे माध्यम

गांजे का अवैध कारोबार करने वाले ज्यादातर तस्कर-विक्रेता के नाम पुलिस सूची में शामिल हैं। ऐसे में तस्कर महिलाओं तथा बच्चों के माध्यम से इस अवैध कारोबार का संचालन कर रहे हैं। गांजा बिक्री करने घुमंतू महिलाओं तथा बच्चों को माध्यम बना रहे हैं। बच्चों के पकड़े जाने पर पुलिस उन पर ज्यादा सख्ती नहीं कर सकती। साथ ही बच्चों को आसानी से जामानत मिल जाती है। इसलिए गांजा का अवैध कारोबार करने वाले गांजा बिक्री करने बच्चों को माध्यम बना रहे हैं। बच्चों को मेहनताने के रूप में महज 100-200 रुपए देते हैं।

#### गांजा मिलने के प्रमुख अड्डे

**ईदगाहभाठा मैदान -** ईदगाहभाठा मैदान में पूर्व में जिस झोपड़ी में गांजा की बिक्री होती थी, उसके डिसमेंटल होने के बाद उसी झोपड़ी के पास एक अन्य झोपड़ी में गांजा बिक्री हो रही है। कोई वीडियो फोटो न बनाए, साथ ही पुलिस पर नजर रखने तस्कर के गुर्गे पूरे समय मैदान के चारों तरफ घेरा बनाए रहते हैं।

**आमानाका ओवरब्रिज के नीचे -** आमानाका ओवरब्रिज के नीचे जहां अस्थायी तौर पर चौपाटी के लिए जगह तय की गई है, उसके आसपास घुमंतू महिलाएं तथा बच्चों के माध्यम से गांजा की बिक्री की जा रही है।

**यूनियन क्लब, मोतीबाग -** मोतीबाग यूनियन क्लब गांजा बिक्री का एक प्रमुख केंद्र है, इस क्षेत्र में नए लोगों को गांजा नहीं बेचा जाता, जो पहले से गांजा खरीदते आ रहे हैं। ऐसे लोग पहले से फोन कर बात कर लेते हैं। उसके बाद ही तस्कर के आदमी जाकर गांजा की डिलीवरी करता है।

**पंडरी ओवरब्रिज के नीचे -** पंडरी ओवरब्रिज के नीचे गांजा की बिक्री होती है। इस स्थान पर गांजा खरीदने आने वाले लोग एक विशेष इशारे में बात करते हैं। इसके बाद तस्कर समझ जाते हैं।

**तेलीबांधा, देवारपारा -** तेलीबांधा देवारपारा में तस्कर अपने घर की महिलाओं तथा बच्चों के माध्यम से गांजा बिक्री कराते हैं। इसी तरह से कुकुरबेड़ा में गांजा का कारोबार होता है।

## महाराजबंद तालाब का एसटीपी शुरू करने ठेका एजेंसी को 10 जुलाई तक अल्टीमेटम

### प्रतिदिन 3 एमएलडी गंदे पानी को साफ कर तालाब में वापस छोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **काम की सुस्त रफ्तार पर मेयर ने जताई नाराजगी**

नगर निगम जोन-6 के महामाया मंदिर वार्ड स्थित राजधानी के ऐतिहासिक महाराजबंद तालाब में नाले के गंदे पानी को सीधे तालाब में जाने से रोकने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 3 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कराया जा रहा है। पुणे की एजेंसी को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है, ठेका एजेंसी अब तक महराजबंध तालाब में स्थापित ▶▶|शेष पेज 13 पर



#### किया निरीक्षण, लगाई फटकार

महापौर मीनल चौबे ने रविवार को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से महराजबंध तालाब में निर्माणाधीन 3 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान काम की धीमी रफ्तार को देखकर अनुबंधित एजेंसी मेसर्स समृद्धि वाटर वर्कर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाई। तत्काल अतिरिक्त ▶▶|शेष पेज 13 पर

## बच्चे के गले से सोने की चेन निकाल ले गई महिला

**रायपुर।** गोलबाजार थाने में एक महिला ने अज्ञात महिला के खिलाफ खरीदारी करने के दौरान सोने की चेन चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पेशे से निजी चैनल की मीडियाकर्मी राशि केशरवानी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को गोलबाजार में खरीदारी करने गई थी। इस दौरान भीड़ में फायदा उठाते हुए एक अज्ञात महिला ने बच्चे के गले से एक तोला वजनी सोने की चेन चोरी कर ली। घटना के सीसीटीवी फूटेज सामने आए हैं, जिसमें महिला बच्चे के गले से सोने की चेन चोरी कर ले जाती दिख रही है।


#### महिला से डेढ़ तोला सोने की चेन लूटकर भागा बदमाश

राखी थाना में एक महिला ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ झपटमारी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला बच्चे के गुपचुप खिलाने के बाद वापस पैदल घर जा रही थी। इस दौरान अज्ञात बदमाश महिला के गले से डेढ़ तोला सोने की चेन लूटकर फरार हो गया। घटना शनिवार देर शाम साढ़े सात बजे की है। सेक्टर-27 निवासी अंजनी कुमार ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है।

## छत्तीसगढ़ में मानसून हुआ सुस्त राजधानी में ग्रीष्मलहर का अलर्ट

- बंगाल की खाड़ी में सिस्टम नहीं, मानसून की सुस्ती खत्म होने की संभावना कम
- जून के बीते 21 दिनों में केवल 32 .3 मिमी. वर्षा, किसी जिले में कोटा पूरा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मानसून आने के बाद जब बारिश की गतिविधि बढ़नी थी, तब रायपुर समेत मध्य इलाके में ग्रीष्मलहर की चेतावनी जारी करनी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक गरज-चमक और हल्की बारिश के आसार हैं। अरब सागर के साथ बंगाल की खाड़ी में अब तक कोई सिस्टम नहीं बना है, जिसकी वजह से मानसूनी सुस्ती खत्म होने की संभावना काफी कम है। जून के बीते 21 दिनों में राज्य में केवल 32.3 मिमी. बारिश हुई है और किसी भी जिले में सामान्य वर्षा का कोटा पूरा नहीं हुआ है।

पिछले साल मई के महीने में सुकमा तक पहुंचकर अटकने वाला मानसून 21 जून तक पूरे प्रदेश में पहुंच गया था। इस बार हालात ये हैं कि उसकी एंट्री बस्तर में नहीं हुई है।

#### जुलाई में ही मिलती है राहत

मौसम विभाग के आंकड़ों को मानें तो जून के महीने में अक्सर कम वर्षा का संकट सामने आता है। मानसून का आगमन माह के दूसरे पखवाड़े में होता है और उसके पूरी तरह सक्रिय होने में वक्त लगता है। राज्य में बारिश का माहौल जुलाई, अगस्त और सितंबर के महीने में ही बनता दिखता है। इस बार मानसून की बेसब्री इसलिए बढ़ी हुई है, क्योंकि इसके समय से पहले प्रदेश में दस्तक देने का अनुमान लगाया गया था।

### एनजीटी की सख्ती के बाद 3.86 लाख टन कचरा साफ करने की तैयारी

# 189 निकायों में कचरे का 'पहाड़' बना चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **तय समयसीमा तक काम नहीं हुआ तो अफसर होंगे जिम्मेदार**

छत्तीसगढ़ में ठोस कचरा प्रबंधन अब प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य के 189 नगरीय निकायों में 192 'लीगेसी वेस्ट' (पुराने कचरे के ढेर) डंप साइट्स की पहचान की गई है। इन साइट्स पर कुल 3.86 लाख मीट्रिक टन कचरा जमा है, जो न केवल शहरों की खूबसूरती को प्रभावित कर रहा है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।

### भिलाई, धमतरी, धर्मजयगढ़, दुर्ग और जगदलपुर में सबसे बड़े ढेर

#### एनजीटी के कड़े तेवर

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के एक प्रकरण के तहत मिली कड़ी फटकार के बाद राज्य सरकार ने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के दायरे में लिया है। विभाग ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के सख्त अनुपालन का आदेश दिया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और आयुक्तों को स्पष्ट चेतावनी जारी की है। विभाग के निर्देशानुसार, यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर इन डंप साइट्स का निराकरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों ▶▶|शेष पेज 13 पर




#### सबसे अधिक और सबसे कम कचरा जमाव वाले 5 निकाय

सबसे अधिक कचरा जमाव वाले निकायों में भिलाई नगर निगम पहले नंबर पर है। इसके बाद के क्रम में धमतरी निगम, धर्मजयगढ़ नगर पंचायत, दुर्ग और पांचवे नंबर पर जगदलपुर निगम शामिल है। दूसरी ओर सबसे कम कचरा जमाव वाले निकायों में बीजापुर नगरपालिका, भोपालपट्नम नगर पंचायत, नरियरा नगर ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### खाली जमीन पर होगी हरियाली

*विभाग ने केवल कचरा हटाने पर ही ध्यान केंद्रित नहीं किया है, बल्कि भविष्य की सुरक्षा के लिए ठोस कार्ययोजना भी बनाई है। कचरा खाली होने के बाद संबंधित डंप साइट्स को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए वहां 'ट्री प्लांटेशन' (वृक्षारोपण) और लैंडस्केपिंग का कार्य किया जाएगा। साथ ही सभी निकायों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे कचरे के नए 'गारबेज विजिबिलिटी पॉइंट्स' (जीवीपी) को उत्पन्न न होने दें। शहर को 'गारबेज फ्री सिटी' (कचरा मुक्त शहर) बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और वैज्ञानिक तरीके से निपटान को अनिवार्य कर दिया गया है।*



# खबर संक्षेप

## भीमसेनी एकादशी पर 3 दिनी सस्वर मानस सम्मेलन 24 से



रायपुर। वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित श्री सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 24 जून से किया जाएगा। सम्मेलन में रायपुर के अलावा, दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव और महासमुंद की 50 से अधिक मानस मंडलियां शामिल होंगी। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू और सोमनाथ निषाद ने बताया कि संध्या 5 बजे दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदरदास कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। श्री शंकाराचार्य आश्रम बोरिया कला के ब्रम्हचारी डा. इंदु भवानंद महाराज और छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत शामिल होंगे। कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्यअतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। विधायक सुनील सोनी और आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंदिर समिति के दीनदयाल साहू ने जानकारी दी कि बाहर से आने वाली मंडलियों के लिए आवास और भोजन का प्रबंध किया गया है। सम्मेलन की प्रतिभागी मंडलियों को सम्मान राशि के साथ विविध श्रद्धालुओं द्वारा घोषित पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सभी मंडलियों को एक घंटे का अवसर श्रीरामचरितमानस के घोषित प्रसंग पर दिया जाएगा। मंडलियों की वेशभूषा, गायन और व्याख्या के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

## अरुंधती देवी स्कूल में किया गया योगाभ्यास



**आरंग।** अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, आरंग में विश्व योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, एसएमडीसी सदस्यों एवं विद्यालय स्टाफ ने सामूहिक योगाभ्यास कर योग के महत्व को आत्मसात किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेश धुरंधर ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी तथा नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्य संध्या रानी बारीक ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। अंत में सभी ने स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया।

## राज्यपाल साथ विधायक शर्मा ने किया योगाभ्यास

**धरसींवा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के वैश्विक अवसर पर राजधानी रायपुर और ग्रामीण क्षेत्रों में योग की धूम रही। एक ओर जहां रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय स्थित 'कृषि मंडपम' में



राज्यपाल की मौजूदगी में भव्य कार्यक्रम हुआ, वहीं दूसरी ओर भाजपा मंडल ने धरसींवा में सामूहिक योग अभ्यास का आयोजन किया। **धरसींवा में भाजपा मंडल का योग कार्यक्रम :** दूसरी ओर, विधायक अनुज शर्मा के विधानसभा क्षेत्र धरसींवा में भी योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। स्थानीय भाजपा मंडल श्री राकेश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री दिलेन्द्र बंछोर व मण्डल उपाध्यक्ष श्री कौशल साहू के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

# योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार, नियमित अभ्यास से मिलती है सेहत

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामूहिक आयोजनों में हजारों शिक्षक व छात्रों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



विद्यार्थियों को प्रतिदिन कम से कम 20 मिनट योग एवं प्राणायाम करने की सलाह




■ पालिका अधिकारी, पार्षद, उद्योगपति, जनप्रतिनिधि और विभिन्न संगठनों के लोग हुए शामिल

पुरे देश के साथ तिल्दा नेवरा में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बेहद भव्य स्तर पर किया गया स्वस्थ आयु' के विशेष संकल्प और थीम के साथ आधा शहर में आधा दर्जन स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । शहर का मुख्य आयोजन सिंधी पंचायत हाल में किया गया कराया ,नेवरा BNB हायर सेकेंडरी स्कुल, ससहोली हाई स्कुल में प्राचार्य श्री शर्मा की उपस्थिति में योग कार्यक्रम सपन्न हुआ। जे. बी. इंटरनेशनल स्कूल एवं जे. बी.पब्लिक स्कूल में भी योग जे ,.बी पब्लिक स्कुल में योग, स्वास्थ्य एवं जागरूकता पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया।

**नेवरा बीएनबी स्कूल में योग :** नेवरा BNB हायर सेकेंडरी स्कुल में प्राचार्य राजेश चंदानी की उपस्थिति में नीतू वर्मा में योग कराया इस अवसर पर छात्र जप्रतिनिधि शिशक व अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए ।.प्रचार्य चंदानी .ने कहा कि योग समाज के निर्माण के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत है जो जीवनभर स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान रहे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ वृद्धावस्था का अर्थ केवल जीवन के वर्षों में वृद्धि करना नहीं, बल्कि उन वर्षों में ऊर्जा, उद्देश्य और समग्र कल्याण को शामिल करना है। ससहोली हाई स्कुल में में आयोजित कार्यक्रम में पार्षद रानी सौरभ जैन एव प्राचार्य श्री शर्मा की उपस्थिति में योग कार्यक्रम सपन्न हुआ.यह बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए ,विद्यालय के छात्र ,छात्रों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया।

जे. बी. इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित विशेष योग सत्र की मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षक सुश्री नीलिमा कुजूर थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास तनाव कम करता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है तथा मानसिक शांति प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन कम से कम 20 मिनट योग एवं प्राणायाम करने की सलाह दी।

योग सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने सुखासन, वज्रासन, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, सेतु बंधासन, पवनमुक्तासन, पद्मासन तथा सूर्य नमस्कार सहित अनेक योगासनों का अभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। वहीं, जे. बी. पब्लिक स्कूल में योग प्रशिक्षक सुश्री मुस्कान बत्रा ने विद्यार्थियों को योग के महत्व, विभिन्न आसनों तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लाभों के बारे में मार्गदर्शन दिया।गार्डनमें भी योग शिविर राजेश लालवानी के विशेष उपस्थिति में सपन्न हुआ योग दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में इंटर-हाउस पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टरों एवं प्रभावशाली नारों के माध्यम से /"स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन/" का संदेश दिया।विद्यालय का मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक उपलब्धियाँ नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, सशक्त मन और श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण भी है। इसी दृष्टिकोण के साथ विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षणिक, खेल, कला एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को समान महत्व देता है।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में सफल रहा।

### सिंधी पंचायत में योगाभ्यास



तिल्दा नेवरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 'सिंधी पंचायत हाल में शुरू हुआ यहा योग गुरु **TR** वर्मा और **BP** वर्मा ने योगाभ्यास कराया ,इस मौके पर नगर पालिका अधिकारी मुख्य रूप में उपस्थित थे इस गरिमामय समारोह में नगर पालिका अधिकारी, पार्षद, उधोयगपति ,जनप्रतिनिधि , और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियो ने एक साथ योग किया । पालिका प्रशासन द्वारा सामूहिक योग अभ्यास के लिए पक व्यवस्थाएं की गई.8 बजे तक चले युग शिविर में योग गुरु ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित जीवन जीने की कला है।

### योग की परिवर्तनकारी शक्ति

यह भाजपा महिला मोर्चा की शहर अध्यश रानी जैन ने योग की परिवर्तनकारी शक्ति पर प्रकाश डालते हुए, कहा कि लक्ष्य यह होना चाहिए कि इंसान 20 साल की उम्र के मुकाबले 40 साल की उम्र में ज़्यादा लचीला हो, 30 साल की तुलना में 50 साल की उम्र में ज़्यादा ऊर्जावान हो, और 50 साल की तुलना में 70 साल की उम्र में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का बेहतर ढंग से सामना कर सके। इसके लावा कोहका स्कुल में भी योग, स्वास्थ्य एवं जागरूकता का आयोजन किया गया।

### जेबी इंटरनेशनल एवं जेबी पब्लिक स्कूल में आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जे. बी. एजुकेशनल सोसाइटी के अंतर्गत संचालित जे. बी. इंटरनेशनल स्कूल एवं जे. बी. पब्लिक स्कूल में योग, स्वास्थ्य एवं जागरूकता पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया।

### अकेली महिला के घर में घुसकर की वारदात, अभी तक सुराग नहीं मिला

# मौहागांव में महिला की गला रेतकर हत्या की कोशिश, आरोप की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

■ संदेहियों से पूछताछ जारी, आरोपी के शीघ्र पकड़ने जाने की संभावना

रायपुर ग्रामीण के धरसींवा थाना इलाके के ग्राम मौहागांव में शुक्रवार की देर रात एक बेहद खौफनाक और दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहाँ वर्मा पारा में अकेले रहने वाली 50 वर्षीय महिला भागबती मन्नाडे पर एक अज्ञात हमलावर ने घर में घुसकर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर दिया। हत्या की नीयत से आए आरोपी ने महिला का गला बेरहमी से रेत दिया और मौके से फरार हो गया। अत्यधिक खून बह जाने के कारण लहूलुहान हालत में महिला को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में वेंटिलेटर पर भर्ती कराया गया है, जहाँ वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने नए कानून भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, वारदात शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे से 11:50 बजे के बीच की बताई जा रही है। मृतका के ममेरे भाई ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी बहन भागबती मन्नाडे पति की मृत्यु के बाद पिछले 15 वर्षों से मौहागांव में अकेली रहकर मजदूरी करती थी। शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपनी बहन को खाना देकर लौटा था, तब तक सब कुछ सामान्य था। इसके बाद देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे जब वह दोबारा घर से बाहर निकला, तो उसे भागबती के मकान का मुख्य दरवाजा खुला हुआ और अंदर की लाइट जलती हुई दिखाई दी। अनहोनी की आशंका होने पर जब भाई आवाज लगाते हुए बेडरूम के भीतर दाखिल हुआ, तो वहाँ का खौफनाक नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। भागबती खाट पर बेहोश पड़ी हुई थी, उसके गले पर किसी धारदार हथियार से रेतने का गहरा घाव था और फर्श पर चारों तरफ खून बिखरा हुआ था।

**रंजिश और लूटपाट की आशंका :** थाना प्रभारी राजेन्द्र दीवान के अनुसार घटनास्थल थाना क्षेत्र से 10 किलोमीटर दूर है और शुरुआती जांच में यह मामला पुरानी रंजिश या लूटपाट के विरोध का लग रहा है। पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ शुरू कर दी है और दावा किया है कि आरोपी को जल्द ही सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।



### चीख-पुकार से पड़ोसियों को मिली जानकारी

भाई की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। तत्काल गांव के सरपंच और कोटवार को घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद डायल 112 और 108 एम्बुलेंस के जरिए गंभीर रूप से घायल महिला को पहले स्थानीय धरसींवा अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे तुरंत रायपुर के मेकाहारा अस्पताल रिफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही धरसींवा थाना पुलिस शनिवार की दोपहर मौके पर पहुंची और परिजनों के बयान के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर क्रमांक 0314 दर्ज किया। पुलिस ने नए कानून भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) की धारा 109 (हत्या का प्रयास) और धारा 332(**b**) के तहत गैर-जमानती अपराध पंजीबद्ध किया है।

# स्कार्पियो की टक्कर से रेत लदा ट्रैक्टर पलटा,1 चालक की मौत, दूसरा फरार






हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

■ करमंदी के पास हुए हादसे में भानसोज के युवा चालक की मौत

मानसून के आगमन के साथ ही नदियों से रेत उत्खनन पर भले ही कानूनी प्रतिबंध लागू हो गया हो, लेकिन सड़कों पर 'डंप रेत' के नाम पर जारी परिवहन अब जानलेवा साबित होने लगा है। रविवार की सुबह आरंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करमंदी के पास एक ऐसा ही दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसने एक हंसते-खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया। एक तेज़ रफ़्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो की सीधी टक्कर से रेत से लदा ट्रैक्टर बीच सड़क पर पलट गया। इस भीषण दुर्घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबने के कारण 24 वर्षीय युवा चालक की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद से मृतक के गृह ग्राम भानसोज सहित पूरे इलाके में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है।मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम भानसोज निवासी कन्हैया धीवर पिता दुकलहा धीवर (24) रविवार सुबह करीब 7 से 8 बजे के बीच ट्रैक्टर क्रमांक सीजी-04-5506 में डंप स्थल से रेत लोड कर परिवहन कर रहा था।

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के निर्देशानुसार बीती 16 जून से रेत के नए उत्खनन पर पूरी तरह रोक लगी हुई है, परंतु कतिपय रसूखदारों द्वारा पहले से डंप की गई रेत का परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। सुबह और रात के वक्त सड़कों पर होने वाले इस रेत परिवहन के दौरान रफ़्तार और सुरक्षा मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जो अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए काल साबित हो रही हैं। घटना की सूचना मिलते ही आरंग पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को मर्च्युरी भिजवाने के साथ ही दुर्घटनाकारित स्कॉर्पियो को जब्त कर थाने लाया गया है। आरंग पुलिस ने मर्ग कायम कर फरार अज्ञात स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### हादसे के बाद रेत में दबने से हुई मौत

इसी दौरान जैसे ही उसका ट्रैक्टर करमंदी मोड़ के समीप पहुंचा, सामने से आ रही कबीरधाम (कवर्धा) जिले की पासिंग स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी-09-जे-6639 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबर्दस्त थी कि रेत से भरा भारी-भरकम ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया और चालक कन्हैया उसके मलबे व भारी रेत के नीचे बुरी तरह दब गया। दुर्घटना होते ही आस-पास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और दबे हुए चालक को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया, लेकिन भारी वजन के नीचे दबे होने के कारण कन्हैया ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। वहीं हादसे के बाद आरोपी स्कॉर्पियो चालक अपने वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए जारी है पेड़ों को नया जीवन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा





नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए "पेड़ों को नया जीवन" अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, छत्तीसगढ़ के निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नगर क्षेत्र में वर्षों पुराने वृक्षों को बाधारहित विकास का अवसर प्रदान करना है।

अभियान के तहत नगर के प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं विभिन्न वार्डों में लगे ऐसे लोहे और सीमेंट कंक्रीट के ट्री-गार्ड हटाए जा रहे हैं, जो अब वृक्षों के तनों को जकड़कर उनके प्राकृतिक विकास में बाधा बन चुके हैं। इसके साथ ही वृक्षों के आसपास बनाए गए कंक्रीट ढांचे भी हटाए जा रहे हैं, ताकि वर्षा जल और वायु का समुचित संचार हो सके तथा वृक्ष स्वस्थ रूप से विकसित हो सकें।

नगर पालिका ने यह भी निर्णय लिया है कि भविष्य में वृक्षों के आसपास अनावश्यक कंक्रीट निर्माण, विज्ञापन बोर्ड, साइन बोर्ड, विद्युत तार अथवा अन्य ऐसी संरचनाएं स्थापित नहीं होने दी जाएंगी, जिनसे वृक्षों की वृद्धि प्रभावित हो।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। नागरिक अपने आसपास ऐसे वृक्षों की पहचान करें, जिनके तनों को ट्री-गार्ड या अन्य संरचनाओं ने जकड़ रखा हो और उनकी जानकारी नगर पालिका को दें। उन्होंने सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों से भी अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

नगर पालिका का मानना है कि केवल वृक्षारोपण ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पहले से मौजूद परिपक्व वृक्षों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। यह अभियान तिल्दा-नेवरा को अधिक हरित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल नगर बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है ।

# शरीर, मन व आत्मा को योग से मिलता है संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री अंजय शुक्ला, उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड तथा प्रदेश संयोजक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने रविवार सुबह योगाभ्यास कर अपने दिन की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित एवं स्वस्थ रखने की एक प्राचीन और प्रभावशाली भारतीय पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत तथा आत्मिक रूप से संतुलित रहता है। श्री शुक्ला ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और समृद्ध भारत की आधारशिला हैं।

# गुल्लू स्कूल में छात्रों ने किया योगाभ्यास

**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुल्लू में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता माणिक लाल मिश्रा के मार्गदर्शन में शालेय प्रांगण में /"करो योग, रहो निरोग/" थीम पर योगाभ्यास कर जीवन में योग के महत्व को जाना। कार्यक्रम में प्राचार्य नम्रता तिवारी, व्याख्यातागण खेमलाल ठाकुर, श्रद्धाकिरण नेताम, सुमन धुरंधर, प्रकाश चंद्र साहू, प्रमिला मेश्राम, द्वारिका प्रसाद दीवान, श्वेता मिश्रा, रजनी बाला भारती, हेमलता नायक, खुलेश नंद देवांगन, डाली चंद्राकर, लोकेश तुरकाने, व्यायाम शिक्षक खोमन निषाद, दुलेश्वरी सोनबेर, चुन्नू यादव सहित छात्र-छात्राएँ शामिल हुए।

### अल्दा और देवरी के सरपंच व सचिवों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

# फर्जी एनओसी पर बिफरी कांग्रेस का थाना घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा



ग्राम अल्दा और देवरी में प्रस्तावित औद्योगिक परियोजनाओं के लिए कथित रूप से अवैध तरीके से जारी किए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) के खिलाफ कांग्रेस ने बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। कांग्रेस नेताओं और दोनों गांवों के ग्रामीणों ने दोषी सरपंच-सचिवों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर थाना घेराव का निर्णय लिया है। इस आंदोलन में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल होंगे।

कांग्रेस के अनुसार ग्राम अल्दा में एक वर्ष पूर्व आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रस्तावित प्लांट का विरोध किया था और किसी भी ग्रामीण ने परियोजना के समर्थन में अपनी सहमति नहीं दी थी। इसके बावजूद तत्कालीन सरपंच और सचिव पर पंचायत अभिलेखों में कथित हेरफेर कर कंपनी के पक्ष में एनओसी जारी करने का आरोप लगाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे लगातार इस फैसले का विरोध कर रहे हैं, लेकिन अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**ग्रामसभा के विरोध के बाद भी एनओसी :** इसी प्रकार ग्राम देवरी में भी ग्रामीणों और ग्रामसभा के विरोध के बावजूद कथित रूप से एनओसी जारी किए जाने का आरोप है। ग्रामीणों का दावा है कि विरोध करने वालों पर कार्रवाई की गई, जबकि वास्तविक दोषियों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया गया।कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा,ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू ने बताया कि दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से दोपहर 12 बजे दीनदयाल चौक पहुंचने की अपील की है।

थाना घेराव कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा रायपुर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू नामदेव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी सहित कई प्रमुख नेता शामिल होंगे।

दूसरी ओर प्रस्तावित प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है।

# संजीवनी अस्पताल में किया योग दिवस का आयोजन

**आरंग।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ एंड ओडिशा सब एरिया तथा श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सेना के जवानों, एनसीसी कैडेट्स, नर्सिंग छात्र-छात्राओं, मरीजों के परिजनों एवं अस्पताल के कर्मचारियों सहित लगभग 500 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा, एस.एम. (गैलेंट्री), कमांडर, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सब एरिया थे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए सभी को नियमित रूप से योग अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर कर्नल दिनेश पट्टाभि, एसएसओ, स्टेशन मुख्यालय रायपुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वय एवं संचालन में सूबेदार राज किशोर ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

योग सत्र का संचालन प्रसिद्ध योग गुरु पुष्कल चौबे एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। उनके कुशल मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग गुरु पुष्कल चौबे ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवनशैली में योग की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ योगाभ्यास किया तथा योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।



# जनगणना के आंकड़ों से रिकार्ड का मिलान, छूटे मकानों से टैक्स वसूली में होगी आसानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम अब हर वार्ड में जनगणना के आंकड़ों और अपने रिकार्ड का मिलान करेगा। इसके बाद छूटे हुए मकान के मालिकों को नोटिस देकर कर के दायरे में लाने की प्रक्रिया की जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना में जुटाई गई जानकारी के मुताबिक, प्रदेश के बड़े निकायों में मकानों की संख्या नगर निगम के मौजूदा कर रिकार्ड से ज्यादा नजर आ रही है, यही अंतर राजस्व विभाग के अफसर और निरीक्षकों के लिए आकलन करने का माध्यम बनेगा। सूत्रों के मुताबिक, रायपुर नगर निगम में 50 से 60 हजार हाउस होल्ड ऐसे हैं, जिनका नगर निगम के पास रिकार्ड नहीं है, ऐसे में नगर निगम का राजस्व महकमा जनगणना के वार्डवार आंकड़ों को अपने रिकार्ड से मिलान करने की तैयारी में है। हालांकि इसमें एक दिक्कत ये आ सकती है कि जनगणना के बाद वार्डवार जो आंकड़े आए हैं, उसमें मकान मालिक का मोबाइल नंबर और उसके पते का जिक्र नहीं है। नगर निगम अपने राजस्व में वृद्धि करने के लिए जनगणना से प्राप्त आंकड़ों की मदद लेगा। इससे यह चिंहाकित करने में आसानी होगी कि किन मकानों व दुकानों से संपत्ति कर प्राप्त हो रहा है, और कौन-सी संपत्तियां संपत्ति कर के दायरे से बाहर हैं। कुल मिलाकर नगरीय निकाय के लिए अपना डाटा अपडेट करने का यह एक अवसर है, जिसमें पूर्व में कराए गए जीआईएस सर्वे के बाद हुए नए निर्माण और पुराने मकानों में जीर्णोद्धार के बाद नए निर्माण की जानकारी अपडेट हो पाएगी।

■ निगम की बढ़ेगी आमदनी, रिकार्ड होगा अपडेट

खास खबर

## 50 से 60 हजार हाउसहोल्ड ऐसे, जिनका नगर निगम के पास रिकार्ड नहीं

### प्रॉपर्टी रीएसेसमेंट के लिए लीडार सर्वे होगा

*रायपुर नगर निगम पहली बार शहर में स्थित प्रॉपर्टी का ड्रोन आधारित लीडार सर्वे कराने की तैयारी में है। इसके लिए कुछ समय पहले आरएफपी फ्लोट कर सर्व करने के तरीके पर आधारित रुचि की अभिव्यक्ति मंगाई गई, जिसमें ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से आधा दर्जन कंपनियों ने अपने प्रेजेंटेशन गांधी सदन में दिए थे। उपायुक्त राजस्व ने बताया कि किस विधि से पूरे शहरभर में प्रॉपर्टी रीएसेसमेंट कराया जाए, इसके लिए अलग-अलग एजेंसियों ने प्रस्तुतिकरण दिया। हमने उनके दस्तावेजों की कानूनी बारीकियों से जांच-परख कर लीगल वेटिंग कराई है। सप्ताहभर में इसकी रिपोर्ट आ जाएगी। इसके लिए निगम आयुक्त के निर्देश पर प्रापर्टी रीएसेसमेंट कराने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।*



### वार्डवार आंकड़े आए हैं

जनगणना के दौरान किए गए मकान सूचीकरण के वार्डवार आंकड़े आए हैं। इससे यह जानकारी होगी कि वार्ड वाइज कितने मकान हैं, इससे छूटे हुए मकानों की पहचान कर टैक्स के दायरे में लाने मदद मिलेगी। हालांकि इसमें मोबाइल नंबर और एड्रेस नहीं होने से छूटे हुए मकानों को ट्रेस करने में दिक्कत हो सकती है। **- डॉ. अंजलि शर्मा,** उपायुक्त राजस्व, ननि रायपुर।

## खबर संक्षेप



### समाज से बहिष्कृत जोड़े को धोबी समाज ने अपनाया

**रायपुर।** अंतर्जातीय विवाह करने वाले समाज से बहिष्कृत जोड़े को धोबी समाज ने गले लगाकर समाज में शामिल किया। लगभग 12 वर्ष पूर्व उरला निवासी प्रवीण रजक ने सुकरीता पटेल मरार जाति की कन्या से प्रेम विवाह किया था। इन जोड़ों की तीन कन्या रत्न हैं, समाज में अंतर्जातीय विवाह को सबसे बड़ा अपराध माना जाता है और ऐसा विवाह करने वालों को प्रदेश समाज ही न्याय देता है। प्रवीण के परिजनों ने धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के समक्ष अपील की, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने दुर्ग जिलाध्यक्ष रामबाई निर्मलकर के नेतृत्व में जांच समिति गठित की, जिनसे बिंदुवार जानकारी मांगी गई। सभी ने उक्त जोड़े को हर बिंदुओं पर सही पाया और अनापत्ति पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मदन निर्मलकर दुर्ग, गीताबाई निर्मलकर, अंबे वाघमार, परदेशनीन निर्मलकर, दिलीप निर्मलकर, जानकी निर्मलकर आदि समाज की ईष्ट देवी नातिन-धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द में शामिल हुए।

### ओड़िशा राज्य में गांजे की खेती पर प्रतिबंध लगाने की मांग, पीएम को लिखा पत्र

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ओडिशा राज्य में गांजे की खेती पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। श्री आहूजा का कहना है कि, पहले ओडिशा में नवीन पटनायक मुख्यमंत्री थे, परंतु अब वहां भाजपा की सरकार है। ओडिशा में लगातार अन्य राज्यों में कई वर्षों से गांजे की तस्करी हो रही है। आए दिन छत्तीसगढ़ में कभी सरगुजा में 6 करोड़ का गांजा पकड़ा गया, या हाल ही में धमतरी में डेढ़ करोड़ का गांजा पकड़ाया, जैसी खबरें सुनने को मिलती हैं। ओडिशा से लगातार मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश व राजस्थान गांजा भेजा जाता है, जो गांजा पकड़ में आता है उसका पता चलता है, जो नहीं पकड़ाता, उसका नशा कर देश के युवा बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा ही ऐसा राज्य है, जहां गांजे की खेती होती है।

### 5 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र शुरू



**रायपुर।** शहर में तेज गर्मी को देखते हुएसाधक परिवार द्वारा राजधानी के 5 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र शुरू किए गए हैं। राहगीरों और बस यात्रा करने वाले यात्रियों सहित आम जनता के लिए निःशुल्क पेयजल की सुविधा इन केंद्रों में उपलब्ध कराई जा रही है। शीतल जल सेवा केंद्र विधानसभा जीरो पाइंट ओवर ब्रिज के पास, भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के पास, अमलेश्वर थाना के सामने , तेलीबांधा मार्ग मरीन ड्राइव और वीआईपी चौक तेलीबांधा में साधक परिवार के सेवादार लोगों की प्यास बुझाने सेवा दे रहे हैं।

## सरकारी विभागों के बकाया से मिलेगी मुक्ति, ढाई हजार करोड़ का है बकाया

# विभागवार बनेंगे ग्रुप, तीन-तीन माह का बिजली बिल एडवांस में करना होगा जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सरकारी विभागों के बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने के लिए प्रदेश के ऊर्जा विभाग ने एक अलग तरह की योजना बनाई है। पहले सभी विभागों को तीन-तीन माह का रीचार्ज कराने के लिए कहा गया था, लेकिन अब इस योजना को बदल दिया गया है। अब रीचार्ज कूपन की जरूरत ही नहीं होगी।

हर जिले में विभागवार ग्रुप बनाकर इनसे तीन-तीन माह के बिजली बिल का पैसा एडवांस में लिया जाएगा। पहले चरण में ब्लॉक स्तर के करीब 45 हजार कनेक्शनों को योजना में शामिल किया गया है। इसके लिए ऊर्जा विभाग से अधिसूचना भी जारी हो गई है। अगस्त से इस योजना को लागू करने की तैयारी है। इस योजना से पॉवर कंपनी को सरकारी विभागों के बकाया से मुक्ति मिलेगी। इस समय भी सरकारी विभागों पर ढाई हजार करोड़ से ज्यादा का बिल बकाया है।

हरिभूमि लाइव

प्रदेशभर में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। सरकारी विभागों में 1.72 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसमें से करीब 1.60 लाख मीटर लग चुके हैं। बचे कनेक्शनों में भी मीटर लगाने का काम तेजी से हो रहा है। ये मीटर पंचायतों और आंगनबाड़ी के ही ज्यादा बचे हैं।

## अब रीचार्ज कूपन की जरूरत ही नहीं होगी

### विभागों के बनेंगे ग्रुप

*पहले चरण में ब्लॉक स्तर पर करीब 45 हजार सरकारी बिजली कनेक्शन प्रीपैड करने की तैयारी है। पहले इनको तीन-तीन माह का रीचार्ज कराने के लिए कहा था, लेकिन किसी भी विभाग ने रीचार्ज कराया ही नहीं। अब योजना को बदल दिया गया है। अब जिला स्तर पर जितने भी सरकारी विभाग हैं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, पंचायतें, पुलिस सहित जितने भी विभाग हैं, उनका-अलग अलग ग्रुप बनाया जाएगा। हर विभाग का एक कोड भी तय कर दिया गया है। इसी के साथ अब हर विभाग का एक नोडल अधिकारी भी बनाने की तैयारी है। जिस विभाग के एक जिले में जितने भी दफ्तर होंगे, उनका एक माह का बिजली बिल कितना आता है, इसको देखा जाएगा। इन विभागों को तीन-तीन माह के बिजली बिल के बराबर एडवांस में पैसे पॉवर कंपनी में जमा कराने होंगे। इसकी सारी देखरेख का काम नोडल अधिकारी करेंगे।*



**ऊर्जा विभाग से अधिसूचना भी जारी हो गई है**

**बचे कनेक्शनों में भी मीटर लगाने का काम तेजी से**

### विभागों पर बड़ा बकाया

सरकारी विभागों पर बकाया लगातार बढ़ता जा रहा है। अगस्त 2024 में बकाया 1988 करोड़ था, जो बढ़ते-बढ़ते मार्च 2025 में 2444.91 करोड़ हो गया था। अब यह बकाया करीब तीन हजार करोड़ से ज्यादा का हो गया है। इसमें सबसे बड़ा बकाया नगरीय निकायों पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 600 करोड़ से ज्यादा है। इसी के साथ अन्य विभागों पर एक करोड़ से लेकर सौ करोड़ तक का बकाया है। यह बकाया मार्च तक 35 सौ करोड़ से ज्यादा का हो गया था। लेकिन इसी के साथ हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया मिलने पर इस समय करीब ढाई हजार करोड़ का ही बकाया बचा है, ऐसा पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है। बिजली नियामक आयोग के सदस्यों का भी कहना है कि जल्द ही सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपैड किया जाएगा।

## 702 ऑनलाइन, 1 सवाल ऑफलाइन

# विधानसभा का मानसून सत्र चार दिनों में लगे 703 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 13 जुलाई से शुरू होगा। पांच दिन चलने वाले इस सत्र के लिए विधायकों ने चार दिन में 703 सवाल लगाए हैं। इन सवालों में 1 सवाल ऑफलाइन लगा है, शेष 702 सवाल ऑनलाइन लगाए गए हैं।

बताया गया है कि सत्र की अधिसूचना जारी होने के बाद विधानसभा सचिवालय में ऑनलाइन और ऑफलाइन सवाल लगाए जा रहे हैं। विधायकों के सवाल लगने के बाद विधानसभा सचिवालय इन्हें जवाब के लिए विभागों को भेज रहा है। अधिकांश विपक्ष के विधायकों ने अब तक अधिक सवाल लगाए हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र की समस्याओं के अलावा शासन के विभिन्न विभागों के कामकाज को लेकर सवाल पूछे हैं।

### कानून व्यवस्था पर लगे सवाल

अधिकांश विधायकों ने प्रदेश में पिछले छह माह के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर सवाल उठाए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में घटित घटनाओं के आधार पर गृह विभाग पर निशाना साधा गया है। साथ ही पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लेकर भी सवाल उठे हैं। इसके अंतर्गत शहरों में यातायात चालान के मुद्दे को भी रेखांकित किया गया है।

### खाद, बीज और किसानों की दिक्कतों पर सवाल

मानसून सत्र के दौरान खाद-बीज की किल्लत से लेकर किसानों की खेती की तैयारियों में आ रही समस्याओं को लेकर अधिकांश सवाल किए गए हैं। इसके अंतर्गत खाद के भंडारण, उठाव, प्रामाणिक बीजों में करगा, बीजों की क्वालिटी औइ अन्य मामलों को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। किसानों को समितियों में डीएपी, यूरिया के अलावा अन्य उर्वरक की आपूर्ति की स्थिति को लेकर कृषि और मार्कफेड पर अधिक सवाल लगे हैं।

# राहुल का स्वागत करने हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे एयरपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रायपुर आगमन पर हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा एवं वरिष्ठ कांग्रेसी यहां पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर राहुल गांधी के स्वागत के लिए प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। प्रशिक्षण स्थल का कार्यक्रम खत्म होने के बाद राहुल गांधी शाम को 6.30 बजे यहां से दिल्ली रवाना हो गए। राहुल गांधी कांग्रेस जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे थे। कांग्रेस कार्यकर्ता कड़ी धूप में अपने लोकप्रिय नेता की प्रतीक्षा कर रहे थे, जैसे ही राहुल गांधी कार्यक्रम स्थल पहुंचे, ढोल-नगाड़ों, फूलमालाओं एवं जयघोष के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया गया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि उनके स्वागत के लिए रायपुर एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। एयरपोर्ट के समीप रायपुर के पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट मार्ग पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का अभिनंदन करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के उनके अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

■ ढोल-नगाड़ों के साथ फूलमालाओं से स्वागत, लगाए नारे



### अभनपुर में राहुल गांधी का स्वागत

रायपुर से अभनपुर पहुंचने पर राहुल गांधी का कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं की भीड़ उनसे मिलने के लिए उमड़ पड़ी। राहुल गांधी को कांग्रेस का गमछा और मालाएं पहनाई गईं। स्वागत कार्यक्रम के बाद राहुल गांधी सीधे कार्यक्रम स्थल की ओर चले गए।

### दंतेवाड़ा कांग्रेस अध्यक्ष बने शकील

कांग्रेस संगठन में बदलाव करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर शकील मोहम्मद रिजवी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा 21 जून को जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसकी आधिकारिक जानकारी दी गई। जारी आदेश के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष ने 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत शकील मोहम्मद रिजवी को दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। पार्टी द्वारा संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के तहत यह निर्णय लिया गया है।

# सफाई व्यवस्था-पानी की मांग विपक्ष करेगा महापौर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों सफाई व्यवस्था और पानी की समस्या को लेकर कई वार्डों के रहवासी परेशान हैं। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। शिकायत के बाद भी सफाई में कोई सुधार नहीं हुआ। इस मुद्दे को लेकर भाजपा द्वारा 23 जून को नगर निगम में महापौर का घेराव किया जाएगा। बिरगांव के सभी वार्डों में सफाई का बुरा हाल है, नाली में न ब्लीचिंग पाउडर डाला जाता है और न ही एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। इसकी शिकायत कई बार करने के बाद भी निराकरण नहीं किया जा रहा है। चार माह बाद निगम के आम चुनाव होने हैं और महापौर अभी भी नींद में सोए हुए हैं। इस मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने वार्ड पार्षदों के साथ आयुक्त युगल किशोर उर्वाशा को शिकायत पत्र सहित घेराव के लिए भी अल्टीमेटम दिया है।



■ बिरगांव निगम आयुक्त को नेता प्रतिपक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**ट्रांसपोर्ट नगर में आवागमन कठिन** निगम क्षेत्र में एकमात्र ट्रांसपोर्ट नगर है, जहां गंदगी का आलम है। एक भी सड़क आमजनों के आने-जाने के लिए खाली नहीं, सभी जगह ट्रक पार्किंग बना दिया है। पार्किंग में भी अतिक्रमण किया जा रहा है। इसे हटाने में जिम्मेदार कोई रुचि ले रहे हैं। लोगों को मूलभूत सुविधाएं आज तक नहीं मिल पाई हैं। प्रमुख रूप से सफाई एवं 104 करोड़ की जल आवर्धन योजना के तहत आज तक पाइपलाइन का काम पूरा नहीं किया जाने से जनता में रोष है। वार्ड के ज्वलंत विषयों को लेकर 23 जून को सुबह 10 बजे बुधवारी बाजार में एकत्र होने के बाद भाजपा पार्षद वार्ड की जनता के साथ दोपहर 12 बजे निगम कार्यालय में जंगी प्रदर्शन करेंगे।

# भाजपा नेताओं ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए।

श्री जामवाल ने कहा, योग भारत की प्राचीन और अमूल्य संस्कृति का उपहार है, जिसे आज पूरी दुनिया ने सहर्ष स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी प्रयासों के कारण ही आज योग एक वैश्विक उत्सव और जन-आंदोलन बन चुका है। योग सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मन, आत्मा और विचारों को संतुलित करने का विज्ञान है। मण्डल और बूथ स्तर तक योग शिविरों का आयोजन कर पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस कल्याणकारी परम्परा को हर घर तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है।

■ ठाकरे परिसर के कार्यक्रम में अजय जामवाल और पवन साय भी हुए शामिल

### समाज के सभी वर्गों, युवाओं और माताओं-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने योग दिवस पर प्रदेशभर में आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए राज्य के कोने-कोने में लोगों को योग के प्रति जागरूक किया है। श्री साय ने कहा, हमारी संस्कृति में पहला सुख निरोगी काया कहा गया है। आज पूरा विश्व भारत के इस सूत्र को अपनाकर अपनी जीवनशैली को सुधार रहा है। प्रदेश भाजपा द्वारा इस वर्ष राज्य के सभी शक्ति केंद्रों, मंडलों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों, युवाओं और माताओं-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संगठन का मूल उद्देश्य अंत्योदय है और स्वास्थ्य के स्तर पर यह तभी संभव है, जब समाज का हर व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ हो। इस अवसर पर सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## 1000 विशिष्टजन विशेष ट्रेन से करेंगे सोमनाथ धाम की यात्रा

# सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा से गूंजेगा छत्तीसगढ़ का सांस्कृतिक गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक सोमनाथ धाम से जुड़ने के लिए छत्तीसगढ़ से एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 22 से 26 जून 2026 तक आयोजित होने वाली ''सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा'' में प्रदेश के 1000 विशिष्टजन विशेष ट्रेन के माध्यम से गुजरात स्थित सोमनाथ धाम पहुंचेंगे। यात्रा का शुभारंभ 22 जून को प्रातः 11 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन से होगा।

हरिभूमि सरोकार

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे तथा पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसाथ ही रायपुर के जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक और महापौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी समारोह में शामिल होंगे। इस यात्रा की विशेषता यह है कि इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित विशिष्टजन, पद्म पुरस्कार एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित कलाकार, साहित्यकार, संस्कृति कर्मी, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। यात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता का भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन होगा। प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्रों की पवित्र मिट्टी और नदियों का जल लेकर सोमनाथ पहुंचेंगे, जो भारत की सांस्कृतिक एकता, आध्यात्मिक समरसता और राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक बनेगा। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को सोमनाथ मंदिर के दर्शन के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। मंदिर दर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कला यात्राएं तथा ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थलों का भ्रमण इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इससे न केवल प्रतिभागियों को भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को निकट से जानने का अवसर मिलेगा, बल्कि विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक प्रतिनिधियों के बीच संवाद और आदान-प्रदान भी बढ़ेगा।



■ 22 जून को रायपुर से मुख्यमंत्री साय करेंगे शुभारंभ

### केवल धार्मिक यात्रा नहीं, राष्ट्रीय एकता का जीवंत उत्सव भी

सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक चेतना, गौरवशाली इतिहास और राष्ट्रीय एकता का जीवंत उत्सव है। छत्तीसगढ़ से निकलने वाली यह यात्रा प्रदेश की समृद्ध लोक परंपराओं, कला, साहित्य और आध्यात्मिक विरासत को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान प्रदान करेगी। साथ ही यह आयोजन समाज में सांस्कृतिक जागरूकता, राष्ट्रीय गौरव और भारतीय मूल्यों के प्रति नई प्रेरणा का संचार करेगा।

### संस्कृति विभाग तैयारियों में जुटा

संस्कृति विभाग के अनुसार यात्रा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सभी जिलों से चयनित प्रतिभागियों के स्वास्थ्य परीक्षण, यात्रा व्यवस्था और आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विशेष ट्रेन के माध्यम से यात्रा को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# कानिटकर बोले- जो व्यक्ति देश का नुकसान करे, उसे समाज प्रतिष्ठा न दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंचम सरसंघचालक स्व. कुप्पाहली सीतारमैया सुदर्शन की जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय व्याख्यान में मुख्य वक्ता मुकुल कानिटकर ने कहा, हिंदू समाज का आधार मैं से हम की ओर जाना है। इस यात्रा में पांच परिवर्तन के उद्देश्य तय किए गए हैं, जिसमें स्वदेशी का चिंतन है, संवाद से कुटुंब परिवार की शक्ति बढ़ाना, सामाजिक समरसता की संकल्पना है, पर्यावरण के प्रति संवेदना और राष्ट्रीय कर्तव्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता शामिल है।

श्री कानिटकर ने राष्ट्रीय कर्तव्य, स्वार्थ ही देशद्रोह विषय पर बोलते हुए कहा, हमारा शरीर खरबों कोशिकाओं से मिलकर बना है, सभी कोशिकाएं मिलकर प्रत्येक अंग बनते हैं, जो अपना अपना कार्य करते हैं, इसलिए जीवन चलता है।

इसी प्रकार देश भी सभी व्यक्तियों से मिलकर बनता है, मिलकर अपना-अपना कार्य करेंगे तो राष्ट्र शक्तिशाली होगा। यही प्रत्येक व्यक्ति का देश के प्रति कर्तव्य है। जैसे एक कोशिका के स्वार्थी हो जाने से शरीर बीमार और कमजोर हो जाएगा, इसी प्रकार एक व्यक्ति के स्वार्थी हो जाने से देश कमजोर हो जाता है। उन्होंने कहा, देश के प्रति कर्तव्य नहीं करने के कारण समाज, व्यवस्था में अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार बढ़ गया है। इसे समाज में मान्यता मिल गई है। इस भ्रष्टाचार से मुक्ति का उपाय यही है कि समाज ऐसे लोगों को दंडित करे, बहिष्कार करे।

## राष्ट्रीय कर्तव्य विषय पर सुदर्शन प्रेरणा मंच का व्याख्यान

### संघ हिंदू समाज को संगठित करने की यात्रा

श्री कानिटकर ने कहा, संघ को लेकर विवाद खड़े वे लोग करते हैं, जिन्हें संघ की समझ नहीं है। संघ हिंदू समाज को संगठित करने की यात्रा है। संघ का शताब्दी वर्ष कोई उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि समाज परिवर्तन के अपने कार्य के सिंहावलोकन करने का अवसर है। राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माणकार ही संघ का लक्ष्य है। संघ की स्थापना भारत के स्वाधीन होने के बाद भारत का स्व तंत्र कैसे विकसित हो, शक्तिशाली कैसे बने, इस विचार को लेकर कार्य प्रारंभ करने के लिए किया था। इसके लिए हिंदू समाज को संगठित करना आवश्यक है, राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करना आवश्यक है। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए डॉ. हेडगेवार ने संघ की स्थापना की। यह भारतीय स्वाधीनता का सशस्त्र आंदोलन, अहिंसा और सत्याग्रह के बाद तीसरा आंदोलन था। कार्यक्रम के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रांत के संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने स्व. सुदर्शन का स्मरण करते हुए कहा, उनका जीवन और विचार देश के लिए प्रेरणास्पद है।



### नागरिक कर्तव्य नहीं होने से जगह-जगह गंदगी

मुख्य अतिथि अनुराग पांडे ने कहा, नागरिक कर्तव्य नहीं होने के कारण जगह-जगह गंदगी, यातायात की समस्या, भ्रष्टाचार जैसी अव्यवस्था फैलती है। संचालन साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने किया। कार्यक्रम संयोजिका शील शर्मा ने स्वागत भाषण दिया।

## खबर संक्षेप



### रांची में कुशाद ने जीता सिल्वर मेडल

**रायपुर।** रांची, झारखंड में आयोजित 12वीं रैंकिंग ओपन राष्ट्रीय स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुशाद गणोरकर ने अंडर-10 से 12 ग्रुप में सिल्वर मेडल जीता, वहीं 14 आयु ग्रुप में सिद्धांत कटरे ने चौथा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 17 जून से 21 जून तक हुई। रविवार को रायपुर पहुंचने पर माता-पिता गुरुजन दोस्तों ने फूलमालाओं से स्वागत कर बधाई दी। कुशाद के पिता पुलिस विभाग में कार्यरत हैं और वे भी वॉलीबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं।

### नवनिर्मित खाद गोदाम और महतारी सदन का लोकार्पण



**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत भाटापारा विधानसभा के सिमगा विकासखंड सिमगा के ग्राम कामता में विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के बेमिसाल कार्यकाल पर विस्तार से चर्चा की। सांसद ने इस दौरान विकास कार्यों का लोकार्पण किया और जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि आजादी के बाद सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने का गौरव मोदीजी को प्राप्त हुआ है। उनके नेतृत्व में हिंदुस्तान का मान, सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा है।

### प्रीतेश बने प्रभारी



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए भाजपा के कार्यालय सहप्रभारी प्रीतेश गांधी को प्रभारी नियुक्त किया गया। इसी के साथ राजू महंत, भूपेंद्र नाग, अंकित जायसवाल, प्रखर मिश्रा, नितेश मिश्रा, मनीभास्कर गुप्ता को सदस्य बनाया गया है।

### स्थान परिवर्तन सूचना

Arihant Infra Raipur GST No. 22ABXFA0806A1ZZ ''फर्म'' का पुराना पता Old Address 2nd Floor Gaurishankar ParisarOpp Rang Mandir Gandhi Maidan Raipur (CG) 492001 से नये पते पर शिफ्ट हो गया है नया पता निम्नलिखित है New Address V3A Square 1st floor Priyadarshini Nagar Near Shailendra Nagar Under bridge Raipur (CG) 492001

**Arihant Infra Raipur**

## फायर सेफ्टी ऑफिसर नियुक्त करना भी अनिवार्य

# बहुमंजिला इमारतों की ऊंचाई से तय होगी अग्नि सुरक्षा, नियम तोड़ा तो भवन सील

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में बहुमंजिला आवासीय, व्यावसायिक और मिश्रित उपयोग (मिक्स्ड यूज) वाली इमारतों में आग लगने की बढ़ती घटनाओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बीच राज्य सरकार ने अग्नि सुरक्षा को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। खास बात ये है कि अब भवन की ऊंचाई के आधार पर सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगमों, नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

आदेश में कहा गया है कि बहुमंजिला भवनों में रहने वाले लोगों, कर्मचारियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय भवन संहिता भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों तथा छत्तीसगढ़ अग्नि एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम, 2018 के अनुरूप यह परामर्श तैयार किया गया है। विभाग ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिए हैं कि भवन प्रबंधन समितियों, हाउसिंग सोसायटियों, कॉलोनाइजरों और अनुरक्षण एजेंसियों को भी इन प्रावधानों की जानकारी दी जाए तथा आवश्यकतानुसार जागरूकता अभियान चलाए जाएं।

***चार श्रेणियों में सुरक्षा मानक :*** सरकार ने भवनों को उनकी ऊंचाई के आधार पर चार श्रेणियों में विभाजित किया है। 15 मीटर तक की ऊंचाई वाले भवनों में अग्निशामक यंत्र और सुरक्षित निकास मार्ग अनिवार्य होंगे। 15 से 35 मीटर तक के भवनों में फायर अलार्म और वेट राइजर सिस्टम लगाने होंगे। 35 से 60 मीटर तक की ऊंचाई वाले भवनों में स्प्रिंकलर और रिफ्यूज एरिया जैसी सुविधाएं अनिवार्य रहेंगी, जबकि 60 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले भवनों में पूर्ण अग्नि सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली और नियंत्रण कक्ष स्थापित करना होगा।

### नियम तोड़ने पर लायसेंस भी हो सकता है निरस्त

सरकार ने स्पष्ट किया है कि अधिकृत अधिकारी समय-समय पर भवनों का निरीक्षण कर सकेंगे। यदि किसी भवन में अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो भवन को सील करने, लाइसेंस या अनुमति निरस्त करने तथा सुधारात्मक आदेश जारी करने जैसी कार्रवाई की जा सकेगी।



### नियमित जांच और चेतावनी बोर्ड भी जरूरी

अग्नि सुरक्षा उपकरणों के रखरखाव का भी विस्तृत कार्यक्रम तय किया गया है। अग्निशामक यंत्रों की मासिक जांच और वार्षिक सर्विसिंग, फायर अलार्म सिस्टम की मासिक जांच और वार्षिक प्रमाणीकरण, फायर पंप का साप्ताहिक परीक्षण तथा हाइड्रेंट सिस्टम का त्रैमासिक परीक्षण अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा प्रत्येक मंजिल पर निकास योजना (एग्जिट प्लान), अग्निशामक उपकरणों का स्थान, आपातकालीन संपर्क नंबर और फायर की स्थिति में केवल सीढ़ियों का उपयोग करें जैसे सूचना बोर्ड प्रदर्शित करने होंगे।

### भवन निर्माण में भी सख्त मानक

सरकार ने भवनों की संरचनात्मक सुरक्षा को लेकर भी स्पष्ट मानक तय किए हैं। भवनों की अग्नि प्रतिरोधक क्षमता दो से चार घंटे तक की होनी चाहिए। सीढ़ियां अग्निरोधी और बंद होंगी। प्रत्येक अग्नि कम्पार्टमेंट का क्षेत्रफल अधिकतम 2,000 वर्गमीटर तक सीमित रहेगा। साथ ही भवनों में सर्विस शाफ्ट अग्निरोधी और सीलबंद रखने होंगे। इसके अलावा प्रत्येक 15 मंजिल पर रिफ्यूज एरिया की व्यवस्था करना भी अनिवार्य किया गया है, ताकि आग या अन्य आपात स्थिति में लोगों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थान मिल सके।

### ऊंची इमारतों में दो सीढ़ियां अनिवार्य

नए नियमों के तहत 15 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले भवनों में कम से कम दो सीढ़ियां होना अनिवार्य होगा। 24 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली इमारतों में प्रेसराइज्ड स्टेयरकेस की व्यवस्था करनी होगी। निकास मार्गों को हर समय अवरोध मुक्त रखना होगा और किसी भी व्यक्ति को सुरक्षित निकास तक पहुंचने के लिए 30 मीटर से अधिक दूरी तय नहीं करनी पड़े, इसका भी ध्यान रखना होगा।

### भवन मालिकों की जवाबदेही तय

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि भवन मालिक, हाउसिंग सोसायटी, कॉलोनाइजर, प्रबंधन समितियां और अनुरक्षण एजेंसियां यह सुनिश्चित करेंगी कि सभी अग्नि सुरक्षा उपकरण कार्यशील स्थिति में रहें और उनका रखरखाव राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। आगजनी, दुर्घटना या लापरवाही की स्थिति में संबंधित पक्षों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। इन निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है और इन्हें राज्य के सभी बहुमंजिला आवासीय, व्यावसायिक तथा मिश्रित उपयोग वाले भवनों पर लागू माना जाएगा।

### आग लगने पर लिफ्ट का उपयोग नहीं

सरकार ने आपातकालीन निकासी के लिए विस्तृत प्रोटोकॉल भी जारी किया है। आग लगने की स्थिति में लोगों को शांत रहने, लिफ्ट का उपयोग न करने और केवल सीढ़ियों से बाहर निकलने की सलाह दी गई है। दिव्यांगों और बुजुर्गों को रिफ्यूज एरिया तक पहुंचाने की व्यवस्था करनी होगी। भवन के बाहर कम से कम 15 मीटर की दूरी पर असेंबली प्वाइंट बनाया जाएगा। पुनः प्रवेश केवल अधिकृत अनुमति मिलने के बाद ही किया जा सकेगा। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल 101 पर सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।

### बहुमंजिला भवन में लगेंगे फायर अलार्म और स्प्रिंकलर

दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक बहुमंजिला भवन में फायर डिटेक्शन और अलार्म सिस्टम, आंतरिक फायर हाइड्रेंट एवं वेट राइजर सिस्टम, स्वचालित स्प्रिंकलर व्यवस्था, सभी तल पर पोर्टेबल अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था और निकास संकेतक लगाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा विद्युत और डीजल संचालित फायर पंप तथा पर्याप्त जल भंडारण की व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी।

### फायर सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्ति होगी जरूरी

15 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले सभी भवनों में फायर सेफ्टी ऑफिसर (एफएसओ) नियुक्त करना अनिवार्य किया गया है। एफएसओ की जिम्मेदारी फायर सिस्टम का नियमित निरीक्षण, मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण आयोजित करना तथा सभी सुरक्षा मानकों के अनुपालन की निगरानी करना होगी।

# सिंधी बजाज बिरादरी पंचायत की कोर कमेटी की बैठक, कई मुद्दों चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कचहरी चौक स्थित कॉफी हाउस में शनिवार को पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी बजाज बिरादरी पंचायत की कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए ये तय किया गया कि सर्वप्रथम रायपुर शहर के सभी सिंधी बजाज सरनेम के हर परिवार के प्रमुख लोगों का मिलन एवं परिचय समारोह किया जाए। साथ ही सर्व सिंधी समाज के लिए किन्हीं अत्यावश्यक सेवा कार्य की रूपरेखा बनाई जाए। इसके बाद सदस्यता अभियान चलाकर दिवाली के आसपास प्रदेश स्तर पर संपूर्ण भव्य पारिवारिक मिलन समारोह की रूपरेखा बनाई जाए, जिसमें प्रदेश स्तर पर सभी पंच प्रमुखों को भी शामिल किया जाए। सभापति एवं उपसभापति की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष राजा बजाज द्वारा इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही तय किया गया कि सिंधु पैलेस शंकर नगर में 2 अगस्त को एक दिवसीय बजाज बिरादरी परिवार प्रमुख मिलन समारोह होगा, जिसकी तैयारियों एवं रूपरेखा के लिए संस्थापक सुभाष बजाज, संयोजक सुंदर बजाज, प्रमुख सलाहकार अनेश बजाज को नियुक्त किया गया। बैठक में प्रमुख सलाहकार अनेश बजाज, परमानंद बजाज, उपसभापति जीवत बजाज, संस्थापक सुभाष बजाज, सुंदर बजाज, चुन्नीलाल बजाज, घनश्याम बजाज, कार्यकारी अध्यक्ष सतरामदास बजाज, झामनदास बजाज, जय बजाज उपस्थित रहे।

- सिंधु पैलेस में सिंधी बजाज परिवार का मिलन समारोह 2 अगस्त को

### कोटा बना नगरपालिका, अधिसूचना जारी

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव द्वारा बिलासपुर जिले की कोटा नगर पंचायत को नगरपालिका बनाने की घोषणा पूरी हो गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोटा के नगर पंचायत से नगर पालिका में उन्नयन के संबंध में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर दी है। विभाग द्वारा प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, नगर पंचायत कोटा की सीमाएं ही नगरपालिका कोटा की सीमाएं होंगी।

## सुब्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर का मनाया स्थापना दिवस

**रायपुर।** अमलतास रेसीडेंसी, कचना स्थित श्री मुनीसुब्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर का चौथा स्थापना मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में स्थापित लगभग 53 इंच पद्मासन 1008 श्री मुनी सुब्रतनाथ भगवान की प्रतिमा का भाई सुरेश मोदी के मार्गदर्शन में 108 रिद्धि मंत्रों द्वारा स्वर्ण एवं रजत कलशों द्वारा अभिषेक एवं वृहद शांतिधारा की गई। शांति धारा का पुण्य लाभ डॉ. अमित जैन परिवार एवं दिनेश जैन परिवार ने प्राप्त किया। इसके बाद श्री मुनी सुब्रतनाथ विधान व संत शिरोमणि आचार्य 108श्री विद्या सागर के चरण चिन्ह की वेदी स्थापना का कार्यक्रम किया गया। यह जानकारी मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जैन और अजित जैन ने देते हुए बताया कि तीन वर्ष पूर्व 25 मार्च से 2 अप्रैल तक अमरकंटक (मप्र) में संपन्न पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में मूल प्रतिमा सुब्रतनाथ भगवान एवं अन्य भगवानों की चल प्रतिमाओं को संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर ने सूरि मंत्र प्रदान कर प्रतिष्ठित कर, पाषाण से भगवान बनाया।



# नागरिकों की पहल: नंबरों से होगी गलियों की पहचान, लगाए गए बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर की विकसित होती कालोनी विप्रनगर रायपुरा में अब गलियों की पहचान स्ट्रीट नंबरों से आसान हो जाएगी। अभी सेंट्रल रोड की दायीं ओर की गलियों को नंबरों के साथ पहचान दी जा रही है।

रविवार को ब्लाक बी में स्ट्रीट नं. 9 और 10 से संबंधित बोर्ड लगाए गए। उनकी विधिवत स्थापना की गई। इस अवसर पर जेआर, शर्मा, तरुण श्रीवास, विकास मिश्रा, सचिन बिसेन, दिनेश नामदेव, राज देवांगन, संजय शर्मा, अंजिता देशमुख, अस्मिता पाणीग्रही सहित कई गणमान्य रहवासी शामिल हुए।




श्री शर्मा ने बताया कि यहां के रहवासियों की पहल पर इस तरह के काम संभव हो पाते हैं। समिति के जरिए कालोनी की समस्याओं को भी सामने रखा जाता है और यथा संभव उसके निराकरण के लिए प्रयास किए जाते हैं। पार्षद अर्जुन यादव और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन समिति के कामों का समर्थन रहा है। आगे भी इस दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

# डिजिटल गवर्नेंस और ग्रासरूट ब्यूरोक्रेसी का 'बस्तर मॉडल', सुशासन की एक नई मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रशासनिक व्यवस्था में किसी भू-स्वामी की मृत्यु के बाद उनके वारिसों के नाम जमीन ट्रांसफर करने यानी 'फौती नामांतरण' को एक बेहद जटिल प्रक्रिया माना जाता रहा है। ग्रामीण अंचलों में जानकारी के अभाव, बिचौलियों के जाल और लंबी कागजी औपचारिकता के कारण ये मामले दशकों तक अदालतों में लटके रहते हैं। इससे न केवल पारिवारिक विवाद बढ़ते हैं, बल्कि कृषि क्षेत्र का विकास भी प्रभावित होता है। इस पारंपरिक ढर्रे को पूरी तरह बदलते हुए छत्तीसगढ़ के जनजातीय बहुल जिले बस्तर ने सुशासन का एक ऐसा 'सक्रिय मॉडल' प्रस्तुत किया है, जो राज्य के अन्य जिलों के लिए एक मार्गदर्शक केस स्टडी बन सकता है।

- जब फाइलें नहीं, बल्कि जनता के द्वार खुद चलकर पहुंचा प्रशासन



### 'सक्रिय अभियान': एक क्रांतिकारी प्रशासनिक सोच

आमतौर पर राजस्व विभाग में यह परंपरा रही है कि जब पीड़ित परिवार आवेदन लेकर दफ्तर पहुंचता है, तब प्रक्रिया शुरू होती है। बस्तर जिला प्रशासन ने इस 'रिएक्टिव' (प्रतिक्रियात्मक) रवैये को बदलकर 'प्रोएक्टिव' (सक्रिय) रुख अपनाया। प्रशासन ने तय किया कि वह खुद चलकर जनता के दरवाजे तक जाएगा। इस विशेष अभियान के तहत मात्र चार महीनों के भीतर 12 जून तक संकलित आंकड़ों के अनुसार जिले के 611 गांवों से डेटा जुटाकर, लंबित फौती नामांतरण प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण कर भूमि अभिलेखों को अपडेट कर दिया गया है।

### गांजा बेचने तलाश रहा था ग्राहक, गिरफ्तार

**रायपुर।** कापा रेलवे फाटक के पास गांजा तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसी कड़ी में थाना पंडरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति कापा रेलवे फाटक के पास गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तथा संदेही को पकड़ा। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम मनीष गुप्ता निवासी उत्तरप्रदेश बताया। आरोपी से एक बैग में रखा 7.330 किलोग्राम गांजा, एक वीवो कंपनी का मोबाइल एवं नकदी रकम 120 रुपए बरामद किए गए। आरोपी के विरुद्ध थाना पंडरी में अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया।

## पेज 11 के शेष ...

### परीक्षा देकर निकले छात्र तो..

आ गए। रायपुर में परीक्षा के लिए 25 केंद्र बनाए गए थे। अधिकतर केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई, लेकिन चौबे कॉलोनी स्थित मायाराम सुरजन शासकीय विद्यालय में जांच के दौरान हंगामा हो गया। एक छात्र को पहले दो स्तर की सुरक्षा जांच के बाद प्रवेश दे दिया गया, लेकिन बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान उसे यह कहकर वापस भेज दिया गया कि उसके एडमिट कार्ड में परीक्षा केंद्र दूसरा दर्ज है। दो स्तर की सुरक्षा जांच के दौरान विद्यार्थी लगभग 15 मिनट तक केंद्र के अंदर रहा। इसके बाद उसे बाहर आने के लिए कहा गया। इस वजह से छात्र दूसरे केंद्र तय समय पर नहीं पहुंच पाया और परीक्षा से चूक गया।

### डटे रहे साइबर कमांडो...

भ्रम या अफवाह फैलाने वाले पोस्ट्स को तुरंत ब्लॉक करने अथवा हटाने के निर्देश उन्हें दिए गए थे। साइबर कमांडो द्वारा डिजिटल माध्यमों से अपराधियों तक पहुंचने के लिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग भी की जाती है।

### रायपुर में गंजेड़ी रोज फूंक...

का गांजा टिटलागढ़ तथा मलकानगिरी का रहता है। राजधानी सहित पूरे प्रदेश में इन दोनों जिलों के गांजे की मांग और कीमत ज्यादा रहती है। **ज्यादातर फोन कॉल से डिलीवरी :** पुलिस की धरपकड़ से बचने तस्कर अपने ग्राहकों को फोन कॉल के माध्यम से गांजा की डिलीवरी कर रहे हैं। फोन कॉल के माध्यम से गांजा की डिलीवरी उन्हीं लोगों को की जाती है, जो पूर्व से परिचित हों और जिनका नंबर पहले से कांटेक्ट लिस्ट में हो। इससे पकड़े जाने के साथ मुखबिरी का खतरा कम रहता है। 20 ग्राम से ज्यादा का आर्डर होने पर फोन कॉल से डिलीवरी की जाती है।

### महाराजबंद तालाब का ...

एसटीपी शुरू नहीं कर पाई है। काम की सुस्त रफ्तार देखकर महापौर मीनल चौबे ने स्थल पर अनुबंधित एजेंसी को जमकर फटकार लगाई, साथ ही दो टूक शब्दों में कहा कि हर हालत में 10 जुलाई तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल रन शुरू होना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर ठेका एजेंसी के बकाया बिल का भुगतान नहीं किया जाएगा।

महापौर मीनल चौबे ने इस मौके पर रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य की नियमित रूप से निगरानी करें।

### किया निरीक्षण, लगाई ...

श्रमिक लगाकर बाकी कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। महापौर ने अनुबंधित ठेकेदार को 10 जुलाई तक कार्य पूरा कर एसटीपी का ट्रायल रन शुरू कराने निर्देश दिए। निर्धारित समय अवधि तक काम पूरा नहीं होने पर संबंधित ठेका एजेंसी का भुगतान पर रोक लगाने की कड़ी कार्यवाही की जाएगी। महाराजबंध तालाब के निर्माणाधीन एसटीपी निरीक्षण के दौरान जोन-5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, रायपुर स्मार्ट सिटी के उप अभियंता योगेंद्र साहू, शुभम तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा उपस्थित रहे।

### एनजीटी के कड़े तेवर....

को इसके लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार माना जाएगा और उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सबसे अधिक और सबसे कम...

पंचायत और कोरबा नगर निगम है। सरकारी आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि कचरे का वितरण असमान है। जहां कुछ बड़े औद्योगिक और शहरी केंद्रों में कचरे के विशाल ढेर हैं, वहीं कुछ निकायों में स्थिति नियंत्रण में है।



# आउटसोर्सिंग पर टिके सरकारी अस्पताल, 62 फीसदी पद खाली, क्योंकि दस साल से भर्ती ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में संचालित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित हास्पिटलों का कामकाज आउटसोर्सिंग के भरोसे हो गया है। इन अस्पतालों में प्रथम द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के स्वीकृत पदों में से 62 फीसदी खाली हैं। नियमित और संविदा कर्मचारियों की संख्या केवल 38 फीसदी होने की एकमात्र वजह विभिन्न कारणों से करीब दस सालों से इनकी भर्ती नहीं होना है।

हरिभूमि सरोकार

राज्य में शासकीय हास्पिटलों के बीच सबसे बड़ा माने जाने वाले आंबेडकर अस्पताल में प्रथम से चतुर्थ श्रेणी के कुल 1276 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 621 पद खाली हैं। वहीं सुपर स्पेशलिटी डीकेएस हास्पिटल में 435 पदों की तुलना में 241 कर्मचारी काम कर रहे हैं और 241 लोगों की कमी को ठेका प्रथा के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। अस्पतालों में उपचार व्यवस्था के अलावा होने वाले अन्य प्रशासकीय कामकाज, प्रबंधन संबंधी कार्य के अलावा, साफ-सफाई जैसे कार्यों को पूर्ण करने के लिए विभिन्न वर्ग के कर्मचारियों की आवश्यकता होती है। प्रथम और द्वितीय वर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के पद तो नियमित अथवा संविदा तरीके से भर लिए जाते हैं, मगर तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की कमी दूर करने सीधे आउटसोर्सिंग पर भरोसा किया जाता है। राज्य में चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित दस अस्पतालों के अलावा बिलासपुर और रायपुर में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल संचालित है। यहां प्रथम से लेकर चतुर्थ श्रेणी के कुल 7616 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 2897 पदों पर नियमित और संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं और 4719 पद खाली हैं, जिसे आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा किया जा रहा है।

## चिकित्सा महाविद्यालयों के हास्पिटल्स में विभिन्न श्रेणी के केवल 38 फीसदी कर्मचारी

### तीन कालेजों में ठेका प्रथा

राज्य के तीन हास्पिटलों का पूरा कामकाज तो ठेका प्रथा से पूरा हो रहा है। आंकड़ों के अनुसार कोरबा मेडिकल कालेज के हास्पिटल में चारों श्रेणी के कुल 609 पद स्वीकृत हैं, जिन पर नियमित रूप से 9 अधिकारी कार्यरत हैं, शेष 600 पद रिक्त हैं। दुर्ग के 616 पदों में से 80 पद भरे हुए हैं और 536 पद खाली हैं। महासमुंद के 616 पदों पर 42 पद पर कर्मचारी कार्यरत हैं और 560 पद रिक्त हैं। इन अस्पतालों का कामकाज एक तरह के आउटसोर्सिंग के भरोसे हो रहा है।

### प्रमुख अस्पतालों का सेटअप

| अस्पताल | कुल | नियमित | संविदा | कुल | रिक्त |
|---|---|---|---|---|---|
| आंबेडकर | 1276 | 511 | 144 | 655 | 621 |
| सिम्स | 642 | 231 | 176 | 407 | 235 |
| जगदलपुर | 713 | 334 | 13 | 347 | 366 |
| रायगढ़ | 616 | 299 | 31 | 330 | 286 |



### पांच नए कॉलेजों में भर्ती अधूरी

राज्य में प्रस्तावित पांच शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कुल 15-15 कर्मचारियों की नियुक्ति संविदा आधार पर करने के लिए आवेदन मंगाए गए थे। आवेदन की अंतिम तारीख पूरी हुई, इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इन कॉलेजों में मेडिको सोशल वर्कर, स्टेनोग्रॉफर, टेक्नीशियन के पदों पर भर्ती की जानी है।

## खबर संक्षेप

### किडनी रोगी को आर्थिक सहायता, होगा इलाज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी नेतृत्व में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत जशपुर जिले के गंभीर किडनी रोगी जितेन्द्र कुमार यादव (44) को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके उपचार एवं किडनी प्रत्यारोपण के लिए 3 लाख 95 हजार 121 रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। जानकारी के अनुसार, जशपुर निवासी जितेन्द्र कुमार यादव गंभीर किडनी रोग से पीड़ति हैं और उन्हें रेनल ट्रांसप्लांट (किडनी प्रत्यारोपण) की आवश्यकता है।

### गुरुदारा हीरापुर-टाटीबंध में लगाया विशाल चिकित्सा शिविर



**रायपुर।** गुरुद्वारा गुरुसागर हीरापुर टाटीबंध में विशाल चिकित्सा शिविर में 230 लोगों ने विशेषज्ञ डाक्टरों से अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवाई ली। शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन, बालाजी हास्पिटल, बेबीलॉन ग्रुप ऑफ होटल्स और गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की ओर से किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा, अध्यक्ष एचएस. धींगरा, गुरुद्वारा के प्रधान सुखजिंदर सिंह, जगजीत सिंह खूनजा, अकालपुरख की फौज के अध्यक्ष अमरजीत सिंह दत्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### वीआईपी रोड पर 2 करोड़ की लागत से नाला निर्माण



**रायपुर।** राजधानी के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर के समीप नगर निगम जोन के माध्यम से गंदे पानी की सुगम निकासी के लिए करीब 2 करोड़ की लागत से नाला निर्माण कराया जा रहा है। यह नाला श्रीराम मंदिर के पास से सुलभ शौचालय तक करीब 8 मीटर चौड़ा होगा। निर्माणाधीन नाले के कार्य की प्रगति के संबंध में रविवार को महापौर मीनल चौबे ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने जोन-10 के अधिकारियों से नाला निर्माण कार्य समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराने निर्देश दिए।

छह महीने में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के पांच सौ से ज्यादा म्यूल अकाउंट में रकम ट्रांसफर

# एपीके फाइल-डिजिटल अरेस्ट से ठगी गई रकम म्यूल अकाउंट में ट्रांसफर, ऑनलाइन खरीदी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एपीके फाइल भेजकर ठगी करने वाले एवं डिजिटल अरेस्ट के साथ अन्य तरीके से लोगों को शिकार बनाने वाले अब रकम को म्यूल अकाउंट में ट्रांसफर तो कर ही रहे हैं, साथ ही ऑनलाइन खरीदारी पर भी ठगी गई रकम खर्च कर देते हैं, ताकि पुलिस उक्त रकम को होल्ड न करा सके। जालसाजों ने ठगी की रकम ट्रांसफर करने पांच सौ से ज्यादा म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल किया है। रेंज साइबर पुलिस ने पिछले छह महीने में कार्रवाई कर जिन जालसाजों को गिरफ्तार किया है, उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित अलग-अलग राज्यों के पांच सौ से ज्यादा म्यूल अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर वहां से दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर की है। ठगी की रकम होल्ड होने की स्थिति में जालसाज रकम बचाने ऑनलाइन खरीदी कर रहे हैं। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार, वर्तमान में ठगी के जो पैटर्न सामने आ रहे हैं, उनमें ज्यादातर प्रकरणों में आरटीओ, बिजली विभाग, ट्रैफिक के नाम से चालान, बिल जमा करने के नाम पर जालसाज एपीके फाइल भेज लोगों के अकाउंट खाली कर रहे हैं। फाइल इंस्टॉल होते ही मोबाइल में मेलवेयर सक्रिय हो जाता है, जो ओटीपी, बैंकिंग क्रेडेंशियल, संपर्क सूची, फोटो, संदेश और अन्य संवेदनशील जानकारी तक पहुंच प्राप्त कर सकता है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कई मामलों में अपराधियों ने मोबाइल का रिमोट एक्सेस हासिल कर पीड़ितों के बैंक खातों से लाखों रुपए की धोखाधड़ी की है। कुछ पीड़ितों के सोशल मीडिया खातों का दुरुपयोग कर उनके परिचितों को भी ठगी का शिकार बनाया है।

खास खबर



केस 1

### ट्रैफिक चालान के नाम पर भेजी एपीके फाइल

रविभवन में मोबाइल शॉप संचालित करने वाला कारोबारी शेखर माखीजा के वाट्स एप पर 5 जून को 'वीकल हब' नामक अकाउंट से ट्रैफिक चालान का संदेश आया। संदेश के साथ एक एपीके फाइल भेजी गई थी। चालान देखने के लिए जैसे ही उन्होंने फाइल डाउनलोड कर उसे खोला, उनके मोबाइल की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। अगले दिन उनके मोबाइल पर कॉल फॉरवर्डिंग रिक्वेस्ट का संदेश आया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। इसके बावजूद साइबर ठग उनके क्रेडिट कार्ड तक पहुंचने में सफल रहे और दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिये दो लाख 63 हजार 473 रुपए खर्च कर दिए। जांच में पता चला कि इस रकम से फ्लिपकार्ट पर दो महंगे स्मार्टफोन खरीदे गए। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने किसी को भी ओटीपी, सीवीवी या पासवर्ड साझा नहीं किया था।

केस 2

### मोबाइल खरीदे, दिल्ली में हुए डिलीवर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार निवासी निजी कंपनी के कर्मचारी केतन महाजन के साथ भी इसी तरह की साइबर ठगी हुई। आरोपियों ने उसके मोबाइल फोन और बैंकिंग जानकारी तक पहुंच बनाकर दो क्रेडिट कार्ड से कुल एक लाख 43 हजार 617 रुपए की ऑनलाइन खरीदारी कर ली। ठगों ने एचडीएफसी बैंक के कार्ड से एक लाख चार हजार 555 रुपए और एक्सिस बैंक के कार्ड से 39 हजार 62 रुपए खर्च किए। इस रकम से तीन स्मार्टफोन खरीदे गए। पुलिस जांच में सामने आया कि मोबाइल फोन दिल्ली के रोहिणी इलाके के एक पते पर डिलीवर किए गए थे।

### पुलिस से बचने फर्जी पते पर डिलीवरी

डिलीवरी फर्जी या किराए के पतों पर कराई जाती है, जिसके बाद सामान बाजार में बेचकर रकम को नकदी में बदल दिया जाता है। इससे पुलिस के लिए पैसों की ट्रेल पकड़ना पहले की तुलना में अधिक कठिन हो जाता है। ऐसे ही एक प्रकरण में तीन दिन पूर्व कॉल फॉरवर्डिंग के माध्यम से पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के साथ ठगी की कोशिश की गई थी।

# कंपार्टमेंट परीक्षाएं 2 जुलाई से, लेकिन अब तक आवेदन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की कम्पार्टमेंट (सप्लीमेंट्री) परीक्षा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू न होने से देशभर के छात्र और अभिभावक चिंतित हैं। बोर्ड के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए लिस्ट ऑफ कैंडिडेट (एलओसी) तैयार करने और आवेदन की प्रक्रिया 2 जून से शुरू होनी थी, लेकिन जून का तीसरा सप्ताह शुरू होने के वावजूद इस संबंध में कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है। बोर्ड ने परीक्षा परिणाम घोषित करते समय 15 जुलाई को कम्पार्टमेंट परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की थी। इस वर्ष 12वीं बोर्ड परीक्षा में 1.68 लाख से अधिक छात्रों की कम्पार्टमेंट आई है। ऐसे में आवेदन प्रक्रिया में हो रही देरी से विद्यार्थियों के बीच परीक्षा समय पर होने को लेकर संशय पैदा हो गया है।

- 1.68 लाख से अधिक छात्र हैं कंपार्टमेंट श्रेणी में

### कॉलेज एडमिशन में दिक्कतें

छात्रों और अभिभावकों का कहना है कि पुनर्मूल्यांकन के परिणाम भी अभी तक घोषित नहीं किए गए हैं। वहीं, सोशल मीडिया और विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एलओसी प्रक्रिया शुरू होने संबंधी भ्रामक सूचनाएं प्रसारित हो रही हैं, जबकि वास्तविकता में आवेदन विंडो अब तक नहीं खुली है। इससे कई छात्र भ्रमित हैं और उन्हें आवेदन छूट जाने की आशंका सता रही है। शिक्षकों का कहना है कि सीबीएसई को जल्द आधिकारिक अधिसूचना जारी कर परीक्षा कार्यक्रम और आवेदन प्रक्रिया की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कम्पार्टमेंट परीक्षा में देरी होने पर परिणाम भी प्रभावित हो सकते हैं, जिससे विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल छात्र और अभिभावक बोर्ड की अगली घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।

# चार दर्जन बस्तियों में जलभराव की समस्या स्थायी समाधान के लिए केंद्र से मिलेंगे 60 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की 4 दर्जन रिहाइशी बस्तियों में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए रायपुर नगर निगम को केंद्र सरकार से 200 करोड़ रुपए की राशि मिलेगी। इसकी पहली किस्त के रूप में 30 फीसदी राशि यानी 60 करोड़ केंद्र से शीघ्र जारी होने की उम्मीद है। नगर निगम को इस 60 करोड़ की राशि मिलने का इंतजार है। इस राशि से नालों की दशा सुधारने, तालाबों को आपस में जोड़ने और गंदे पानी के निकास के लिए नालियां बनाई जाएगी। केंद्र सरकार के अर्बन नेशनल फ्लड मैनेजमेंट के तहत रायपुर नगर निगम को शामिल किया गया है। दरअसल भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन ने रायपुर शहर की जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए रायपुर नगर निगम द्वारा भेजे गए 220 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके तहत केंद्र सरकार से 90 फीसदी राशि और राज्य का अंशदान 10 फीसदी रहेगा। इसमें से 30 फीसदी फंड की राशि केंद्र सरकार द्वारा जल्द रायपुर नगर निगम को मिलनी है, इसी राशि को लेकर निगम प्रशासन को इंतजार है। प्रथम किस्त के रूप में 60 करोड़ रायपुर नगर निगम को प्राप्त होंगे।

अर्बन नेशनल फ्लड मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के तहत रायपुर नगर निगम शामिल



### 2 वर्ष जोन स्तर पर कराया था सर्वे

रायपुर नगर निगम ने दो वर्ष इस संबंध में जोन स्तर पर सर्वे कराने के बाद शहर के 98 ऐसे इलाकों को चिन्हांकित किया, जो जलभराव की दृष्टि से संवेदनशील माने जाते हैं। इन क्षेत्रों की वार्डवार सूची बनाकर समस्या के स्थायी समाधान का सुझाव देते हुए प्रारंभिक स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर केंद्र को भेजा गया था। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक नगर निगम ने द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को अलग-अलग स्तर पर रिवाइज करने के बाद केंद्र ने 12 मई 2026 को स्वीकृति भेजी।

### इस तरह से प्लानिंग

111 करोड़ की लागत से शहर में बड़ा नाला निर्माण की योजना
तालाबों को आपस में जोड़ने का कार्य ताकि पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण हो सके।
ब्लू ग्रीन ईंधन का कांसेप्ट
इको पार्क बनाए जाएंगे, ताकि शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार हो
बाढ़ आपदा की समयसीमा से पहले चेतावनी का सिस्टम
यह कार्य राष्ट्रीय बाढ़ आपदा नियंत्रण कार्यक्रम के तहत किया जाएगा।

जिम्मेदार टीआई को आईजी ने निलंबित कर दिए थे जांच के निर्देश

# चोरों से बरामद 14 लाख के जेवर पाने दो साल से भटक रहा फरियादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घर से चोरी हुए 14 लाख के सोने-चांदी के जेवर पुलिस ने बरामद तो कर लिए, लेकिन फरियादी को उसके जेवर अब तक नहीं मिल सके हैं। फरियादी युवक तथा उसका परिवार दो साल से थाने के चक्कर काट रहा है, बावजूद इसके पीड़ित परिवार को जांच के नाम पर पुलिस उन्हें थाने के चक्कर लगवा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने जिस नाबालिग चोर के कब्जे से जेवर बरामद किए थे। उन्हें मालखाने में जमा करने के बजाय संबंधित थाने के टीआई ने अपने कब्जे में रख लिया था। जानकारी मिलने के बाद आईजी अमरेश मिश्रा ने तत्कालीन टीआई को निलंबित कर एसआई के विभागीय के खिलाफ जांच के आदेश देने के साथ ही सिपाही का दूसरे जिले में स्थानांतरण करने आदेश जारी किया था।

विधानसभा थाना क्षेत्र के क्लासिक सिटी निवासी अभिषेक गेंदले ने 1 जुलाई 2024 को चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। पंडरी थाना क्षेत्र में चोरी के एक प्रकरण में पुलिस ने दो नाबालिगों को पकड़ा। पकड़े गए नाबालिगों ने पूछताछ में कबूल किया कि उन दोनों ने मिलकर अभिषेक के घर में चोरी की थी। नियम के अनुसार, पंडरी पुलिस को दोनों नाबालिगों से जब्त माल विधानसभा पुलिस के सुपुर्द करना था, लेकिन तत्कालीन टीआई मल्लिका बैनर्जी, तत्कालीन एसआई कमल किशोर पटेल और सिपाही ने विधानसभा पुलिस को माल सुपुर्द नहीं किया और न ही उन्हें इस बात की जानकारी दी।

### बरामद जेवरों को जब्ती में नहीं दिखाया

*चौंकाने वाली बात है कि पंडरी पुलिस ने नाबालिग बच्चों से बरामद जेवरों को जब्ती में नहीं दिखाया। न तो क्राइम ब्रांच को इसकी जानकारी दी। बाद में पुलिस ने अभिषेक को थाने में जेवर नहीं होने और फिर कभी आने की बात कहकर चलता कर दिया। इस पर अभिषेक ने मामले की शिकायत आईजी सहित अन्य पुलिस अफसरों से कर दी। इससे पंडरी पुलिस अभिषेक से नाराज हो गई। इस संबंध में अफसरों से संपर्क करने पर उनका कहना है कि प्रकरण की जांच चल रही है। जांच के बाद पीड़ित को उनके जेवर वापस लौटा दिए जाएंगे।*



हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 22 जून 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



# योग से निरोग रहने का मिला मंत्र, दैनिक जीवन में शामिल करने लिया संकल्प

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रायपुर के कृषि विवि में राज्यपाल रमेन डेका ने किया योगाभ्यास, शहर में गूंजा स्वस्थ जीवन का मंत्र

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी में योग महोत्सव मनाया गया। घरों, मैदानों, गार्डनों से लेकर भवनों तक में एक साथ सभी वर्गों के लोगों ने योग करके निरोग रहने के लिए जागरूक किया। इस दौरान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित योग शिविर में राज्यपाल रमेन डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राज्यपाल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन किया एवं सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।



रायपुर। अपने संबोधन में राज्यपाल ने बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह हर्ष का विषय है कि पूरा छत्तीसगढ़ इस ऐतिहासिक अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रहा है। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों के स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहने की कामना की। इस अवसर पर श्री डेका ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। योगाभ्यास कार्यक्रम में विधायकगण सर्वश्री पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, सुनील सोनी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री विकास शील, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, पुलिस कमिश्नर रायपुर संजीव शुक्ला, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस एंड फूड टेक्नोलॉजी में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर शिक्षिका रागिनी पाण्डेय ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का आधार है।



ध्यानगुरु आत्मज्ञानी सद्गुरुदेव आचार्य सम्राट पूज्य डॉ. श्री शिवमुनि जी महाराज के दिव्य सानिध्य व नेपाल केसरी राष्ट्र संत श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज साहब आदि ठाणा के दिव्य निश्रा में रायपुर के श्री लाल गंगा पटवा भवन टैगोर नगर में लगभग 70 - 80 साधकों एवं रायपुर श्रमण संघ अध्यक्ष श्री अशोक पटवा एवं ध्यान योग साधना के प्रांतीय अध्यक्ष संदीप बैद की उपस्थिति में योगाभ्यास किया गया।



श्री बालाजी दिशा कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ए. के. तिवारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



विश्व योग दिवस पर नूतन स्कूल टिकरापारा में योगाभ्यास किया गया। इसमें जनसमुदाय को 36 प्रकार के आसन, प्राणायाम और ध्यान की विभिन्न यौगिक क्रियाओं का गहन अभ्यास कराया गया। इस भव्य आयोजन में भारी संख्या में उपस्थित युवाओं, स्कूली बच्चों और प्रबुद्ध नागरिकों ने अपने दैनिक जीवन में रोज योग करने का संकल्प और शपथ ली।



पंडित हरिशंकर शुक्ल इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष यह कार्यक्रम स्वस्थ आयु के लिए योग की विशेष थीम पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया।



कुआलालंपुर (मलेशिया) में आयोजित वर्ल्ड सीनियर एवं स्कूल म्यूथाई चैंपियनशिप में भाग लेने आए भारतीय म्यूथाई दल ने, भारतीय उच्चायोग के आमंत्रण पर, यूएमएआई के महासचिव श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में कुआलालंपुर स्थित भारतीय दूतावास के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूर्ण उत्साह और गौरव के साथ मनाया।



एनआईटी में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनआईटी के निदेशक डॉ. एन.वी. रमना राव ने योगाभ्यास किया। उनके साथ संस्थान के कुलसचिव डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे, डीन डॉ. मनोज चोपकर, मानविकी (ह्यूमैनिटीज) विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. समीर बाजपेयी, डॉ. श्रीश वर्मा, डॉ. पी.वाय. ढेकने, डॉ. मनोज प्रधान सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं शामिल हुए।



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सदस्यों ने सुबह विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में योग का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक आचार्य प्रदीप सिन्हा और कैलाश सिन्हा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन करते हुए शारीरिक स्वास्थ्य के लिए विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को योग के महत्व एवं स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रेम शंकर सर, डॉ. पदमा शर्मा एवं एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी तिजेश्वरी साहू उपस्थित रहे।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नवा रायपुर स्थित बालको मेडिकल सेंटर में सभी कर्मचारियों ने सामूहिक योग सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।



एएचपी परियोजना अंतर्गत लभांडी के संकल्प होम सोसायटी में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।




सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई महिला विंग द्वारा योग दिवस पर होली हार्ट्स स्कूल में बच्चों व शिक्षकों के बीच योग अभ्यास किया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा कि 'रोज करे योग अपने जीवन से भगाए रोग।'



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भनपुरी योगाश्रम, रायपुर के अनुभवी योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में हुआ।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में सुबह सूरज की पहली किरण के साथ योगाभ्यास प्रारंभ हुआ। विप्र कॉलेज के योगाचार्य डॉ. रंजना मिश्रा ने लगभग डेढ़ घंटे तक प्राणायाम एवं ध्यान के माध्यम से सभी को तन और मन से स्वस्थ रहने का अनुभव कराया।



तिलक नगर कालीबाड़ी समिति गुढ़ियारी तथा शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान रायपुर की ओर से रविवार को एक विशेष योग एवं स्वास्थ्य जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय योगगुरु राहुल दास एवं उनकी टीम द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा योग क्रियाओं के माध्यम से शरीर, मन को स्वस्थ संतुलित और ऊर्जावान बनाए रखने के लिए सरल, प्रभावी विभिन्न योगाभ्यास कराए गए।



बरसाना एनक्लेव मोहबा बाजार टाटीबंध के स्मार्ट योगा ग्रुप ने विश्व योग दिवस मनाया। इस दौरान अनुलोम- विलोम, कपालभाति, त्रिकोणासन, भुजंगासन, ताड़ासन, वृक्षासन आदि योगासन किए। सुबह 7 से 8 बजे तक सभी ने योग के जरिए बीमारियों को दूर करने जागरूक किया।



छत्तीसगढ़ एंड ओडिशा सब एरिया व श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सेना के जवानों, एनसीसी कैडेट्स, नर्सिंग छात्र-छात्राओं, मरीजों के परिजनों एवं अस्पताल के कर्मचारियों सहित लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



योग दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं ने एक साथ योगभ्यास किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों को किया।



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रही। कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के संकाय सदस्यों, नर्सिंग अधिकारियों, प्रशासनिक कर्मचारियों तथा आम नागरिकों ने भाग लिया। डॉ. विक्रम पाई, चिकित्सा अधिकारी (योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा) ने कॉमन योग प्रोटोकॉल सत्र का संचालन किया।



वंडर किड्स एकेडमी और कोपलवाणी स्पेशल स्कूल ने मैग्नेटो मॉल में फादर्स डे और योगा डे का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में लोकेश कावडिया मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अभिषेक मिश्रा, त्रयंबक शर्मा, डॉ. अनामिका सिंह, आभा मिश्रा और अनजीनेय शुक्ला शामिल हुए। कार्यक्रम में छात्रों और अभिभावकों ने मिलकर योग अभ्यास किया और अपने पिताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। जिससे परिवार और योग के महत्व का संदेश व्यापक रूप से पहुंचा।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेल मंडल में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ मिलकर योगा किया। अध्यक्षा सेक्रो, रायपुर शिखा सिंह ने सेक्रो पदाधिकारीयों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल ,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग सहित सभी अधिकारियों -कर्मचारियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों को किया।



छत्तीसगढ़ तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा 12वें योगाभ्यास योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 13 अधिकारियों 80 पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिक वीर नारियों तथा उनके परिवारजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राजकीय सैनिक बोर्ड, छत्तीसगढ़ के निदेशक कमोडोर अजय सिंह बिसेन (सेवानिवृत्त) द्वारा योग के महत्व पर एक ज्ञानवर्धक संबोधन दिया गया। इसके उपरांत प्रख्यात योग गुरु संजय शर्मा के मार्गदर्शन में योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न योगाभ्यास कराए गए।

सिटी लाइव

## गजल, ठुमरी और दादरा से संगीत के छात्रों ने बांधा समां



**रायपुर।** विश्व संगीत दिवस पर कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में सुरमयी सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सुगम संगीत, ग़ज़ल, ठुमरी, दादरा तथा वाद्य संगीत की प्रभावपूर्ण प्रस्तुतियां देकर संगीत के विविध रंगों को मंच पर साकार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत की छात्रा नामिता गुप्ता द्वारा ग़ज़ल गायन से हुआ। उन्होंने प्रसिद्ध शायर मोहसिन भोपाली की चर्चित ग़ज़ल 'चाहत में क्या दुनियादारी, इश्क़ में कैसी मजबूरी...' तथा अमजद इस्लाम अमजद की लोकप्रिय रचना 'कहां आ के रुकने थे रास्ते, कहां मोड़ था उसे भूल जा..'' प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

### गायकों ने छेड़ा गीतों में राष्ट्रप्रेम का सुर

इसके बाद मयंक बैरागी ने एक ओजपूर्ण देशभक्ति रचना प्रस्तुत कर कार्यक्रम में राष्ट्रप्रेम का रंग भर दिया। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित विद्यार्थियों और संगीत प्रेमियों में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में छात्रा सोनाली गोलदार ने बेला वादन में राग बिहाग प्रस्तुत किया। उन्होंने मध्यलय की गत, आलाप एवं तानों का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपनी वाद्य साधना और रागदारी संगीत की समझ का परिचय दिया। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित श्रोताओं ने विशेष सराहना प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ संगीताचार्य डॉ. दीपक बेडेकर ने किया।

लाइव इवेंट

## लायंस क्लब की नवनियुक्त अध्यक्ष ने एक बालिका की पूर्ण शिक्षा का उठाया जिम्मा



**रायपुर।** डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के नए सत्र 2026-27 के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में शाम 7 बजे से शुरू हुआ। इस अवसर पर पीएमजेएफ लायन कुलविंदर कौर भाटिया ने क्लब की नई अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण की। उनके साथ लायन शालिनी टोप्पो ने सचिव और पीएमजेएफ लायन रंजना महावर ने कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन डॉ. रिपुदमन सिंह पुसरी मौजूद थे। शपथ दिलाने की जिम्मेदारी इंस्टॉलेशन ऑफिसर पीडीजी लायन अमरजीत सिंह दत्ता ने निभाई। कार्यक्रम में क्लब की नई कार्यकारिणी को औपचारिक रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई। लायंस क्लब कैपिटल रायपुर के पीआरओ की जिम्मेदारी लायंस समाजसेवी संतोष गुप्ता को सौंपी गई है। वहीं, लायंस क्लब कैपिटल रायपुर की अध्यक्ष कुलबिंदर कौर ने एक ग़रीब बच्ची की जीवन भर की शिक्षा की ज़िम्मेदारी ली है। वहीं, क्लब के सदस्यों द्वारा वेंकटेश हॉस्पिटल में वाटर कूलर ग़रीब परिवार के लिए समर्पित किया। इसके साथ ही 5 हजार रुपए गौशाला के लिए दान किया गया।

कैंपस लाइव

## सेवा, संवेदना और समर्पण के साक्षी बने लोग, ह्यूमैनिटी नींव ने की पहल

**रायपुर।** सेवा, संवेदना और समर्पण की भावना को चरितार्थ करने वाली संस्था लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव ने रविवार की शाम 5 से 7 बजे के बीच जीई रोड स्थित महेश भवन के नटराज ऑडिटोरियम में एक भव्य आयोजन किया। इसमें संस्था की टीम ने जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को 183 सेट नोटबुक के साथ लंच बाक्स का वितरण किया। विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री और शिक्षा में आर्थिक सहयोग देने के लिए किए गए आयोजन में छात्र-छात्राओं के माता-पिता भी शामिल हुए। इनके सामने माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष राजेश तापड़िया के साथ मंचस्थ रहे समाजसेवी आलोक झंवर ने स्व. श्रीमती रुक्मणी देवी सत्यनारायण झंवर की स्मृति में 53, 940 रुपए शिक्षा के लिए अनुदान भी हस्तातरित किया। मंच पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, समाजसेवी प्रदीप गोयल के साथ दृष्टिहीन छात्र नीलकंठ ठाकुर अतिथि के रूप में आयोजन में शामिल हुए। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शिक्षा की मूलधारा से जोड़ने का दायित्व निभाते हुए अतिथियों ने संस्था की पहल को सराहा और हौसला आफजाई की।

### अतिथियों ने इन जरूरतमंदों को दिया सहयोग

मंच संचालन करते हुए सुभाष राठी ने प्रोग्राम के दौरान मार्गदर्शक की तरह दायित्वों का निर्वहन किया। प्रोग्राम के संयोजक पुरुषराज सिंह, श्रीमती प्रिया ठाकुर, भार्गव तारे, बृजभूषण सिन्हा के साथ राजेश कुमार गजेन्द्र ने आयोजन को गति प्रदान की। वहीं, दृष्टिहीन बालिका विवाह के उपलक्ष्य में दानदाताओं द्वारा संस्था को प्रदान किए गए 51000 रुपए का चेक भी दिया गया। दृष्टिहीन छात्र जस कुमार बांधे को डी.एड. शिक्षा के लिए 20 हजार का सहयोग दिया। इसके साथ एक युवा को खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए एक हाथ ठेला और महेश भवन समिति को दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए एक व्हीलचेयर भेंट किया गया। इसके साथ ही दृष्टिहीन छात्रा उमेश्वरी निषाद को डी.एड. की पढ़ाई जारी रखने के लिए बीस हजार रुपए दिए गए। इस अवसर पर संस्था के मेंबर्स, और सहयोगियों ने आयोजन को सफल बनाया।

● बूढ़ापारा स्थित श्याम टॉकीज में संडे मूवी मस्ती की अंतिम कड़ी में सपरिवार शामिल हुए लोगों ने कहा, रहेगा इंतजार...

# सिल्वर स्क्रीन पर 'भारत भाग्य विधाता' देखने उमड़ी भीड़ हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की पहल को दर्शकों ने सराहा

'सरोकार से जुड़ी खबरों के साथ 'हरिभूमि-आईएनएच न्यूज' की ओर से सुधि पाठकों और युवाओं को हर संडे मूवी मस्ती से जोड़ने की परंपरा निभाई गई। इस रविवार की अंतिम कड़ी में, सुबह 8 से 11 बजे के शो में दर्शकों को मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमले पर केंद्रित हिंदी थ्रिलर फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' बूढ़ा तालाब स्थित श्याम टॉकीज के सिल्वर स्क्रीन पर दिखाई गई। मूवी शुरू होने से एक घंटे पहले ही दर्शकों की भीड़ उमड़ी। जहां उन्हें व्यवस्था से जोड़ने और मूवी दिखाने की पहल हुई, वहीं टॉकीज से निकलने के बाद दर्शकों ने कहा कि उन्हें हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के इस आयोजन का हमेशा इंतजार रहेगा।'

**रायपुर।** भारत भाग्य विधाता उन गुमनाम नायकों यानी डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों की सच्ची कहानी है, जिन्होंने मौत के साए में रहकर कामा अस्पताल में सैकड़ों मरीजों की जान बचाई थी। दर्शक दीर्घा में बैठे हर वर्ग के लोगों ने रुपहले पर्दे के जरिए घटना से जुड़ी संवेदना को महसूस किया। इस बीच, हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की परंपरा का हिस्सा बनने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और भाजपा नेता विजय व्यास भी दर्शक दीर्घा का हिस्सा बने। मूवी देखने के बाद खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 25 साल बाद हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के इस आयोजन ने सिल्वर स्क्रीन की याद ताजा की। देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत भारत भाग्य विधाता मूवी को अवसर मिला तो सहयोगियों और कार्यकर्ताओं को दिखाने का प्रयास करूंगा। इसके साथ ही उन्होंने संडे मूवी मस्ती की सराहना करते हुए कहा कि सरोकार से जुड़ी खबरों के साथ देशभक्ति की भावना से जोड़ने का अच्छा प्रयास है।





### दर्शकों ने बजाई तालियां, जताई खुशी

कहानी की शुरुआत एक पुलिस स्टेशन से होती है, जहां पुलिस गीता गांधारे (कंगना रनौत) को कामा अस्पताल में गोलीबारी करने वाले आतंकी अजमल और कसाब की पहचान के लिए बुलाती है। पहले तो गीता का परिवार डर की वजह से जाने से मना करता है, क्योंकि उन्हें आतंकियों के निशाने पर आने का डर होता है। इसके बाद मूवी में पूर्व की घटना और कहानियों का क्रम शुरू होता है। फ्लैश बैक में 26 नवंबर 2008 की कहानी में खौफनाक रात में चली जाती है। जहां गीता कामा अस्पताल में एक नर्स के रूप में काम करती हैं। उनके संघर्ष को कहानी का हिस्सा बनाया गया है। अंतिम कड़ी में गीता का जब सम्मान किया जाता है, तो लोग तालियां बजाते हुए खुशी जाहिर करते हैं।



### इन्होंने किया अतिथियों का स्वागत, देखी मूवी

मुख्य अतिथि के आगमन पर हरिभूमि परिवार की ओर से प्रशांत तिवारी (ए. जी. एम.) मार्केटिंग एवं आनंद मिश्रा असिस्टेंट मार्केटिंग मैनेजर, समीर चौधरी, मूलचंद कश्यप, विजय शर्मा, कुणाल सेन, प्रसार विभाग से आशीष महंत, सुमित महोबिया, तरुण, गौतम निषाद ने स्वागत किया। इसके बाद दर्शक दीर्घा में मौजूद अतिथियों ने मूवी देखने के बाद बाहर निकले और इस तरह के आयोजन को आगे बढ़ाने का प्रयास खुद करते हुए अपने सहयोगियों और कार्यकर्ताओं को भी भारत भाग्य विधाता दिखाने की बात दोहराते हुए विदा हुए।

### इनके सहयोग से संडे मूवी मस्ती की पहल

लगातार चार सप्ताह तक दर्शकों को छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति से सजी छत्तीसगढ़ी और हिन्दी फिल्मों को दिखाया गया। इसे सफल बनाने में विशेष सहयोगी के रूप में श्याम टॉकीज रायपुर, स्पॉन्सर अविनाश ग्रुप, सिंघानिया ग्रुप, मैजिक पेंट, नारायणा (एनएचएमएम आई) श्री नारायणा हॉस्पिटल, श्री बालाजी बिल्डर, श्री स्वास्तिक, रहेजा ग्रुप, हर्षित सिंघानिया बिल्डकॉन ने सहभागिता निभाई। इसमें कलिंगा यूनिवर्सिटी, जायका ऑटोमोबाइल, शिवनाथ हुंडई, रालास मोटर्स, स्काई ऑटो, निराकार हॉस्पिटल, खंडेलवाल पॉलीक्लिनिक, हीरा बैकरी, न्यूज 21 प्लस, सिंघानिया सरोवर पोर्टिको, बावर्ची रेस्टोरेंट का भी सहयोग रहा।

## औघड़नाथ दरबार में महोत्सव : अखंड धूनी हवन में 500 से ज्यादा साधकों ने दी आहुति और किया अभिषेक

**रायपुर।** औघड़नाथ दरबार में रविवार को चार बजे भोर से लेकर चार संधि काल में अघोर पीठाधीश बाबा श्री रुद्रानंद प्रचंड वेग नाथ के पावन सान्निध्य में साधकों ने अखंड धूनि हवन किया। वहीं, 500 से अधिक साधकों ने आहुति एवं अभिषेक करते हुए पुण्य लाभ प्राप्त किया। असम में स्थित पवित्र कामाख्या शक्तिपीठ में धरती माता के रजस्वला काल के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रायपुर स्थित अघोर पीठ श्रीधाम सुमेरु मठ में भव्य अघोर महोत्सव एवं श्री यज्ञ अनुष्ठान का शुभारंभ भक्ति भाव से किया गया। यह आयोजन 25 जून को रात 2 बजे तक निरंतर चलेगा। प्रोफेसर कॉलोनी, पुरानी बस्ती स्थित मनसा तालाब के समीप बने इस प्रसिद्ध मठ में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह महोत्सव इस बार भी धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र बन रहा है। प्रचंड वेग के अनुसार, इस अनुष्ठान में देशभर से करीब 200 साधक आए हैं। महोत्सव में शामिल होने वालों में स्थानीय साधक ज्यादा हैं।



### साधकों को सहयोग देने तय की जिम्मेदारी

प्रचंड वेगनाथ ने बताया कि अखंड धूनि हवन, अभिषेक का यह सिलसिला 25 जून की आधी रात तक चलने वाला है। इसमें भाग लेने वाले साधकों को विधि-विधान से साधना का हिस्सा बनने के लिए पर्याप्त समय दिया जाता है। सभी को नियमित अभिषेक और साधना का अवसर देने के लिए मठ की टीम को जिम्मेदारी दी गई है। जिनके सहयोग से आयोजन को प्रतिवर्षानुसार गति दी जा रही है। इसमें शामिल होने के लिए दूसरे राज्यों और शहरों से आए साधकों को रहने और भोजन की सुविधा मठ की ओर से दी जा रही है।

### महिला साधक करती हैं अग्निहोत्र संचालन

इस बार भी सुमेरु मठ में बाबा श्री औघड़नाथ की गद्दी सजी है। यहां की एक विशेष परंपरा के तहत पूजा-अर्चना, आरती, भोग और अग्निहोत्र का संचालन एक महिला द्वारा किया जाता है, जो बाबा औघड़नाथ जी की शिष्या हैं। साधक उन्हें श्रद्धालु 'मां' कहकर ही संबोधित करते हैं। मठ में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें न केवल मनुष्यों, बल्कि पशुओं के लिए भोजन की व्यवस्था शामिल है। इसके साथ ही गरीबों को भी भोजन करवाने की परंपरा लगातार पांच दिनों तक निभाई जाएगी।

## मोर खेती खार रुमझुम... लोक गीत सुन गदगद हुए दर्शक

**रायपुर।** महंत घासीदास संग्रहालय परिसर मुक्ताकांशी मंच पर तीन दिवसीय संस्कृति शिल्प मड़ई का यादगार समापन हुआ। रविवार को शाम 7 बजे संस्कृति शिल्प मड़ई के मंच पर लोक गायिका रेखा देवार के गीतों की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। रेखा देवार ने अपनी गीत 'बंगला के खाए बिरो पान, राजा बिलम गयो बंगला में...अड़बड़ सुरता आथे दिवाना...' की भावपूर्ण प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद भिलाई के लोक रंजनी संस्था के लोक कलाकार रोहित साहू और डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर व साथियों की 'मोर खेती खार रुमझुम, मोर भौंरा नाचे झुमझुम..., तंय बिलासपुरहीन..., अरपा पैरी..., छत्तीसगढ़ मोर संगवारी...' सदाबहार लोकगीतों की लोककला मंच शैली में शानदार प्रस्तुति से दर्शक गदगद हो उठे। लोक कलाकारों ने पारंपरिक लोक वेशभूषा में भरथरी, नाचा गम्मत शैली में अभिनय के साथ करमा, ददरिया, सुआ, जस गीत जैसे लोक गीतों की प्रस्तुति से संस्कृति शिल्प मड़ई को यादगार बना दिया।




### लोक कलाकारों का मंच से सम्मान

संस्कृति शिल्प मड़ई के मंच पर पारंपरिक लोक कला से पीढ़ियों से जुड़े कलाकारों को एक बेहतरीन मंच प्रदान कर उनका मान-सम्मान बढ़ाने का प्रयास किया गया। धरोहर शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थान द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित संस्कृति शिल्प मड़ई 19 से 21 जून तक संस्कृति महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में आयोजित किया गया। जहां छत्तीसगढ़ की पारंपरिक सांस्कृतिक लोक कला और धरोहरों को सहेजकर उन्हें जिंदा रखे हुए कलाकारों से नई पीढ़ी को रूबरू होने का अवसर भी मिला।

### विलुप्त होते पारंपरिक लोक कला-संस्कृति को सहेजने पहल

संस्कृति शिल्प मड़ई में तीन दिनों तक विलुप्त होते लोकवाद्य, विलुप्त होते कृषि यंत्र, ढेलवा झूला तथा स्थानीय शिल्प कलाकारों की कलाकृति की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में कृषि यंत्र में बैल-गाड़ी, नागर-जुड़ा, गेरवा-नोई, घांघड़ा और घरों में दैनिक उपयोग में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों में जांता, सील लोढ़हा, अनाज नापने की बर्तन काठा-पैली आदि की प्रदर्शनी लगाई गई।


फादर्स डे पर डॉ. कीर्ति सिसोदिया ने अपने पिता स्व. वी.एस. चौहान के संघर्षों को याद कर बयां किया पिता के होने का असली महत्व

# पहले मैं आपकी बेटी थी, फिर आपकी सीखों की ज़िम्मेदारी बनी, और अब मैं आपकी विरासत हूं...

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** जीवन में पिता का होना एक ऐसी परछाई की तरह है, जो हर मुश्किल वक्त में बच्चों के साथ रहती है। सफल जीवन के पीछे पिता के बताए उद्देश्य और अनुशासन ही बड़ी वजह होते हैं। राजधानी की डॉ. कीर्ति सिसोदिया ने पिता मिस्टर वी.एस. चौहान को याद करते हुए अपनी भावनाएं उड़ेली। उन्होंने जीवन में पिता के होने का महत्व बताया है। पिता का हर विपरीत परिस्थितियों में साथ खड़े होने से जीवन की हर कठिन परीक्षा आसान हो जाती है, इस भाव को शब्दों में पिरोया गया है। उन्होंने लिखा है कि 18 मई 2021 को 84 सालों के एक बेहतरीन सफ़र पर पूर्णविराम लग गया। चंद पलों में एक सशक्त व्यक्तित्व यादों में तब्दील हो गया। कोई नहीं जानता कि कब किसके साथ आपका आख़िरी पल है। इस दिन मैंने सिर्फ़ अपने पिता को नहीं खोया, बल्कि एक दोस्त, एक गाइड, एक प्रेरणा, एक संबल, एक भरोसा, एक आत्मविश्वास, एक जज़्बा और एक मनोबल को भी खोया। कहते हैं एक बेटी अपने पिता के दिल के सबसे क़रीब होती हैं। लेकिन, मैं शायद उनके दिल का एक ऐसा अहम हिस्सा थी कि न जाने कैसे वो बिना देखे सिर्फ़ फ़ोन पर हेलो से मेरे मन को समझ जाते थे। अगर, कभी मन बेचैन हो या किसी बात से उदास हो तो, हेलो सुनते ही पूछते थे बेटा, क्या बात है आज तबियत नरम हैं? चाहे आप कितना भी अपने भाव को ढकने की कोशिश करें, लेकिन वो कुरेद कर बात उगलवा ही लेते थे और उन के आगे मन को खाली कर जो सुकून मिलता था, उसे सिर्फ़ महसूस किया जा सकता था।

### मैंने आप को निराश नहीं किया पापा



विपरीत परिस्थितियों और संघर्षों में टूट कर बिखरने की बजाय पूरी मुस्तैदी से उनका सामना करना; और चाहे आप उन मुश्किल पलों में अकेले ही क्यों न हों, हिम्मत व खुद पर भरोसा कभी न छोड़ना- यह एक ऐसी सीख थी जो अमूल्य है। हम बातों को सुनते और पढ़ते तो बहुत हैं, लेकिन जीवन में उन मुश्किल पलों को जब जीते हैं, तभी असली परीक्षा होती है। उनका यूं अचानक जाना और उसमें संभलना मेरे जीवन का कठिनतम दौर था। लेकिन, मैंने उनकी उपस्थिति हर पल महसूस की। पता नहीं कहां से इतनी हिम्मत और ठहराव आया, मानो वो जाते हुए अपनी सीखों की और परवरिश की परीक्षा लेना चाहते थे। मुझे उम्मीद है कि शायद मैंने आप को निराश नहीं किया पापा। ये सोचकर भी मन भर आता है कि अब वो बातें, वो मुलाकातों का वक़्त सिर्फ़ यादों में ही सीमित होगा। अजीब सा एहसास है कि आज फादर्स डे पर पापा को विश करने के बजाय उनकी स्मृतियों से बातें हो रही हैं। वैसे तो माता-पिता के लिए कोई दिन तय नहीं होता, उनके होने से ही हमारा वजूद है।

### जीवन को प्रेरणा की मिसाल बनाता है

बचपन से लेकर आज तक के ढेरों पल मानो एक फ़िल्म की तरह आंखों के सामने चल रहे हो। हर मुस्कुराहट, ठहाके, सीख, उम्मीद, विश्वास कितना ख़ूबसूरत था वो सब। मिस्टर वी. एस. चौहान - ये नाम और उनका जीवन अपने आप में एक मिसाल रहा है। जिस जीवन संघर्ष में अपने आत्मसम्मान के साथ उन्होंने विजयी पाई थी, वो हर किसी के लिए आसान नहीं था। दो साल की उम्र में अपनी मां को खोना और 16 साल की उम्र से अपनी तालीम खुद अपने दम पर करना और जीवन में एक ऊंचा मुक़ाम हासिल करना, ऐसे ना जाने कितने ही किस्से हैं, जो उनके जीवन को प्रेरणा की मिसाल बनाता है।

### अब तो मां भी आपके पास चली गई हैं

कभी-कभी सोचती हूं, जिन दो लोगों की छांव में मैंने दुनिया को समझना सीखा, आज वही दोनों आंखों से ओझल हैं। घर आज भी वही है, दीवारें भी वही हैं, लेकिन उनके अर्थ बदल गए हैं। अब किसी कमरे से आपकी आवाज़ नहीं आती, मां की पुकार नहीं सुनाई देती, फिर भी अजीब बात है कि आप दोनों की उपस्थिति पहले से कहीं ज़्यादा महसूस होती है। पहले मैं आपकी बेटी थी, फिर आपकी सीखों की ज़िम्मेदारी बनी, और अब मैं आपकी विरासत हूं। शायद यही आपकी सबसे बड़ी देन है कि आपने मुझे ऐसा बनाया कि आपके न होने पर भी मैं आपके होने का प्रमाण बन सकूं। आज फादर्स डे पर आपको याद करते हुए दुःख तो बहुत होता है, लेकिन उससे कहीं ज़्यादा गर्व होता है कि मुझे आपका सान्निध्य मिला।

## हेल्थ टिप्स

### नींद की कमी खतरनाक, पर बहुत ज्यादा नींद आना भी ठीक नहीं



विशेषज्ञों के अनुसार 18 से 64 वर्ष के स्वस्थ वयस्कों के लिए प्रतिदिन 7 से 9 घंटे की नींद पर्याप्त मानी जाती है। नियमित रूप से 9 घंटे से अधिक सोना समस्या का संकेत हो सकता है। जब भी बात अच्छी सेहत की होती है तो उसमें पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम के साथ विशेषज्ञ अब भरपूर नींद लेने को भी जरूरी बताते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को रोज रात में 7 से 9 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। यदि आपकी नींद पूरी नहीं होती तो दिनभर नींद आती रहती है और चिड़चिड़ापन, थकान जैसी समस्या बनी रहती है। अक्सर नींद पूरी न होने के कारण थकान, सिरदर्द, याददाश्त में कमी या काम में ध्यान न लगने जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। हम सभी ने यह तो खूब सुना है कि कम नींद लेने से शरीर थक जाता है, दिमाग सुस्त पड़ जाता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि अगर कोई व्यक्ति जरूरत से ज्यादा सोने लगे तो क्या होगा? अगर कोई रोज 10-12 घंटे तक सोता है तो इसका क्या असर होता है?

#### बहुत ज्यादा तो नहीं सो रहे आप?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार 18 से




अधिक उम्र के स्वस्थ वयस्कों के लिए प्रतिदिन 7 से 9 घंटे की नींद पर्याप्त मानी जाती है। हालांकि यदि कोई व्यक्ति अक्सर 10 घंटे या उससे अधिक सोता है, फिर भी थका हुआ महसूस करता है या दिन में बार-बार नींद आती है, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बच्चों, किशोरों, गर्भवती महिलाओं और बीमारी से उबर रहे लोगों में नींद की जरूरत अधिक हो सकती है। लेकिन स्वस्थ वयस्क में लंबे समय तक अत्यधिक नींद कई समस्याओं का संकेत हो सकता है।

#### ज्यादा सोने से क्या होता है?

अध्ययनों में लंबे समय तक जरूरत से ज्यादा सोने को सेहत के लिए नुकसानदायक बताया गया है। ज्यादा सोने वाले लोगों में शारीरिक गतिविधि कम हो सकती है, जिससे वजन बढ़ने और मेटाबॉलिज्म प्रभावित होने की संभावना रहती है। कुछ लोगों को सिरदर्द, सुस्ती, ध्यान लगाने में कठिनाई और दिनभर थकान भी महसूस हो सकती है। यदि अत्यधिक नींद आपकी दिनचर्या और कामकाज को प्रभावित कर रही है, तो डॉक्टरी सलाह जरूर ले लें।

#### इन खतरों को भी जानिए

बहुत ज़्यादा नींद आना (हाइपरसोमनिया)



अक्सर किसी छिपी हुई मेडिकल समस्या, नींद की खराब क्वालिटी या नींद से जुड़ी बीमारी का संकेत होता है। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (सांस लेने में रुकावट), नार्कोलेप्सी (न्यूरोलॉजिकल बीमारी) और रेस्टलेस लेग्स सिंड्रोम जैसी स्थितियां आपकी नींद में रुकावट डालती हैं, जिससे आपको ज्यादा नींद आती है। नींद का अनियमित समय (जैसे शिफ्ट में काम करना), ज्यादा तनाव या बहुत ज्यादा कैफीन और शराब का सेवन भी इसका कारण हो सकती है। हाइपोथायरायडिज्म, डायबिटीज और न्यूरोलॉजिकल बीमारियां भी बहुत ज्यादा नींद आने का कारण हो सकता है।

#### किसी बीमारी का संकेत हो सकता है?

अत्यधिक नींद किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकती है। यदि बहुत ज्यादा सोने के साथ तेज खर्राटे, सांस रुकने की शिकायत, याददाश्त में कमी, अचानक वजन बढ़ने, जैसी समस्याएं हों, तो इसका इलाज कराएं।


'पॉश्चर' खराब होने से पड़ सकती है जान जोखिम में

# गलत बैठने और चलने से बचना होगा हर हाल में आपको हो सकती है गंभीर शारीरिक समस्याएं

अक्सर लोग अपने ऑफिस या वर्कप्लेस पर गलत पॉश्चर (मुद्रा) में बैठकर काम करते हैं। बहुत से लोगों को लगता है कि इससे सिर्फ उनका अपियरेंस (दिखावट) प्रभावित होगा, लेकिन ये कई गंभीर बीमारियों का कारण भी हो सकता है। आइए, इस लेख में हम इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं।

आज की आधुनिक जीवनशैली में, जहां घंटों कंप्यूटर या स्मार्टफोन के सामने गर्दन झुकाकर स्क्रीन पर लंबे समय तक देखने का चलन बढ़ गया है। ऐसे में 'पॉश्चर' यानी हमारे शरीर की मुद्रा का बिगड़ना एक आम समस्या बन गई है। अधिकतर लोग इसे सिर्फ सौंदर्य या आत्मविश्वास से जोड़कर देखते हैं, लेकिन सच तो यह है कि गलत पॉश्चर सिर्फ आपकी चाल या बैठने के तरीके को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि यह कई गंभीर शारीरिक समस्याओं को जन्म दे सकता है।


विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक गलत मुद्रा में बैठना, खड़े होने या चलने से हमारे मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, जिससे न केवल लगातार मांसपेशियों में दर्द होता है, बल्कि अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा होती हैं। यह स्थिति धीरे-धीरे रीढ़ की हड्डी की प्राकृतिक संरचना को



भी बदल सकती है। इसलिए यह समझना बेहद जरूरी है कि हमारा पॉश्चर हमारे समग्र स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है और कौन-सी गंभीर समस्याएं इससे जुड़ी हुई हैं। आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### पीठ और गर्दन में दर्द

लंबे समय तक झुककर बैठना जैसे लैपटॉप या फोन का उपयोग करने से रीढ़ और गर्दन पर दबाव डालता है। इससे लोअर बैक पेन, सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस और मांसपेशियों में तनाव होता है। जर्नल ऑफ फिजिकल थेरेपी साइंस



के अनुसार, ज्यादातर लोग गलत पॉश्चर के कारण पीठ दर्द से पीड़ित हैं। इसलिए हर 30 मिनट में सीधे बैठें और स्ट्रेच करें। कुर्सी पर रीढ़ को सहारा देने वाला तकिया रखें। गर्दन को सीधा रखकर स्क्रीन को आंखों के लेवल पर सेट करें।

### रीढ़ की हड्डी में विकृति

गलत पॉश्चर, जैसे कूबड़ निकलना (Kyphosis) या रीढ़ का टेढ़ापन (Scoliosis), हड्डियों और जोड़ों की संरचना को नुकसान पहुंचाता है। यह विशेष रूप से बच्चों और किशोरों में ज्यादा देखा जाता है, जो लंबे समय तक झुककर पढ़ते या गेम खेलते हैं। इससे बचने के लिए योग और पिलाटे जैसे व्यायाम रीढ़ को मजबूत करते हैं। तैराकी या बैक स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज करें। बच्चों को सही पॉश्चर की आदत डालें।

### पाचन और श्वसन समस्याएं

झुककर बैठने से फेफड़े और पेट पर दबाव पड़ता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ और पाचन संबंधी समस्याएं, जैसे एसिड रिफ्लक्स या कब्ज, हो सकती हैं। गलत पॉश्चर फेफड़ों की क्षमता को प्रभावित कर सकता



है। इसलिए सीधे बैठें ताकि फेफड़े पूरी तरह खुल सकें। खाने के बाद 10 मिनट टहलें। गहरी सांस लेने की प्रैक्टिस करें।

### बचाव के उपाय

खराब पॉश्चर से बचना चाहते हैं? कुछ आसान उपाय आपकी मदद कर सकते हैं! ऑफिस में एर्गोनॉमिक कुर्सी और डेस्क चुनें, और स्क्रीन को आंखों के लेवल पर रखें ताकि आपकी रीढ़ पर जोर न पड़े। रोजाना 20-30 मिनट स्ट्रेचिंग करें या कैट-काउ और चाइल्ड पोज जैसे योग आसनों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, ये आपके पॉश्चर को दुरुस्त रखेंगे। हर घंटे चेक करें कि आप कैसे बैठे या खड़े हो रहे हैं। ऑफिस में काम करते समय कंधों को पीछे रखें और रीढ़ को सीधी रखें। अगर दर्द या तकलीफ बार-बार हो, तो बिना देर किए फिजियोथेरेपिस्ट से मिलें।



## बढ़ती उम्र के भी दिखना चाहते हैं जवां तो आज से ही डाइट में कर लें बदलाव

अक्सर ऐसा होता है कि बहुत कम उम्र में ही कुछ लोगों के त्वचा पर झुर्रियां पड़ जाती हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन उन्हीं में एक प्रमुख कारण है खान-पान और जिवनशैली। जी हां, अगर आपका खानपान अच्छा है तो आप 55 की उम्र में भी जवां दिख सकते हैं। आइए इस लेख में जानते हैं कि इसके लिए डाइट में किन चीजों को शामिल करना चाहिए।

बढ़ती उम्र के साथ शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रखना, त्वचा की प्राकृतिक चमक बरकरार रखना और समग्र स्वास्थ्य को उत्तम रखना एक बड़ी चुनौती बन सकती है। अक्सर लोग सोचते हैं कि 50 के बाद ढलती उम्र के संकेत स्वाभाविक हैं, जो सच भी है, लेकिन अगर सही खानपान और एक संतुलित जीवनशैली अपनाकर जिया जाए तो आप 55 की उम्र में भी जवां और ऊर्जावान दिख सकते हैं। यह सिर्फ बाहरी सुंदरता की बात नहीं है, बल्कि अंदरूनी स्वास्थ्य को भी बनाए रखने की है।

कुछ ऐसे विशेष खाद्य पदार्थ हैं, जो प्रकृति का वरदान हैं।



ये न सिर्फ हमारे शरीर को पोषण देते हैं, बल्कि हमें स्वस्थ्य और हेल्दी भी रखते हैं। ये खाद्य पदार्थ एंटीऑक्सिडेंट्स, विटामिन्स और जरूरी खनिजों से भरपूर होते हैं, जो हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। आइए इस लेख में हम ऐसे ही चार खाद्य पदार्थों के बारे में जानते हैं, जिन्हें आज से ही अपनी डाइट में शामिल करके आप लंबे समय तक जवां और स्वस्थ रह सकते हैं।

### बादाम और नट्स

बादाम, अखरोट, और काजू जैसे नट्स विटामिन ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड, और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं। ये त्वचा को नमी प्रदान करते हैं, झुर्रियों को कम करते हैं, और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। रोजाना सीमित मात्रा में बादाम और नट्स खाने से त्वचा में चमक आती है और मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ती है।

## अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बाल चैम्पियन विजेता टीम में शामिल रही छत्तीसगढ़ की कुसुम

**जामुल।** छत्तीसगढ़ की बेटी कुसुम भारद्वाज ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। नगर पालिका जामुल क्षेत्र के गणेश नगर वार्ड-5 निवासी राजू भारद्वाज की पुत्री कुसुम भारद्वाज अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बाल चैम्पियनशिप (महिला वर्ग) रांची में गोल्ड मेडल हासिल करने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बाल चैम्पियनशिप की विजेता कुसुम के जामुल पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कुसुम भारद्वाज को थ्रोबॉल खेलते हुए 2 साल हो गए है। इनके पिता पिता राजू भारद्वाज औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिक है। उल्लेखनीय है कि रांची स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में दूसरी साउथ एशियन थ्रोबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 17 और 18 जून को किया गया। जिसमें मेजबान भारत ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीत कर दक्षिण एशिया में अपना दबदबा कायम रखा है। महिला वर्ग के फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 25-23, 25-14 से हरा कर खिताब अपने नाम किया। वहीं पुरुष वर्ग का फाइनल बेहद रोमांचक रहा, जहां भारत ने श्रीलंका को 25-23, 23-25, 25-16 से हरा कर स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में भारत विजेता, श्रीलंका उपविजेता और बांग्लादेश तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में भारत ने स्वर्ण,बांग्लादेश ने रजत और नेपाल ने कांस्य पदक हासिल किया। समापन समारोह में विधायक टाइगर जयराम महतो और झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव ने विजेताओं को सम्मानित किया।



## शतरंज में भव्यम, सावी, प्रणव और अद्विका बने चैम्पियन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के बलबीर सिंग जुनेजा इनडोर स्टेडियम परिसर स्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ रायपुर कार्यालय में एक दिवसीय जिला स्तरीय अंडर 11 एवं अंडर 13 शतरंज चैंपियनशिप का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 20 जून को आयोजित किया गया। केंडिडेट मास्टर विनोद शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं समाजसेवी एवं शंकर नगर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल की अध्यक्षता में




- चयनित खिलाड़ी राज्य शतरंज चैम्पियनशिप में रायपुर जिले का करेंगे प्रतिनिधित्व

आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि टूर्नामेंट डायरेक्टर दीपांकर सेन गुप्ता और फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा थे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज अकादमी रायपुर द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में जिले के कुल 63 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर 11 में कुल 6 चक्रों की बाजी खेली गई जिसमें ओपन वर्ग में प्रथम स्थान पर भव्यम झावर/5अंक प्राप्त कर विजेता बने । द्वितीय स्थान पर अरमान प्रतीक साहू/5अंक प्राप्त कर उपविजेता रहे। अंडर 11 बालिका वर्ग में प्रथम सावी गौरी/5.5 अंक प्राप्त कर विजेता एवं रावी शेके 4 अंक हासिल कर उपविजेता बनी। अंडर 13 में कुल 5 चक्र मैच खेले गए जिसमें ओपन वर्ग में प्रथम स्थान प्रणव अग्रवाल /4.5 अंक प्राप्त कर विजेता एवं मेदा लक्षित /4 अंक लेकर उपविजेता बने।

अंडर 13 बालिका वर्ग में अद्विका पांडे/3.5 अंक पाकर विजेता एवं आद्या पांडे 2 अंक प्राप्त कर उपविजेता बनी। सभी चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य शतरंज चैंपियनशिप में रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर 11 ओपन वर्ग में तृतीय निशांत साहू, चतुर्थ अर्णव गोयल, पांचवा राजवीर आजवानी छठवां युवान कश्यप रहे। बालिका वर्ग में तृतीय स्थान पर अनिका गुप्ता चतुर्थ,विदुषी सिंह पांचवा आरना अग्रवाल एवं छठवां स्थान श्रीनिका रेड्डी गोलुगुरी को मिला। अंडर-13 ओपन वर्ग में तृतीय स्थान पर सजल चंद्राकर, चतुर्थ शौर्य जिम्नानी पांचवा अद्वित पांडे एवं छठवें स्थान पर प्रीतेश खाटूजा रहे। बालिका वर्ग में तृतीय स्थान पर समृद्धि सरीना रही। अतिथियों द्वारा स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं चौथे पांचवें एवं छठवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न एवं भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों को मेडल एवं ई सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंडिडेट मास्टर विनोद शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आयोजन के माध्यम से ही छिपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में शतरंज को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए राज्य शतरंज संघ की सराहना की । कार्यक्रम के अध्यक्ष समाजसेवी योगेश अग्रवाल ने भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों एवं उपस्थित अभिभावकों को बधाई देते हुए आयोजन की सराहना की तथा भविष्य में हर संभव सहयोग प्रदान करने का वादा किया।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अमेरिकी रॉक बैंड 'गन एंड रोजेज' की धुन पर थिरकेंगे भारतीय फैंस



पिछले कुछ वर्षों से कई इंटरनेशनल म्यूजिक बैंड भारत में आकर परफॉर्म कर रहे हैं। जल्द ही अमेरिकी रॉक बैंड 'गन एंड रोजेज' भी अपना इंडिया टूर करेगा। रॉक बैंड 'गन एंड रोजेज' को 'नवंबर रेन' और 'वेलकम टू द जंगल' जैसे मशहूर गानों के लिए जाना जाता है। यह अमेरिकी म्यूजिक बैंड जल्द ही भारत में भी परफॉर्म करेगा। भारत के कई बड़े शहरों में इनका कॉन्सर्ट होगा। इनका कॉन्सर्ट शेड्यूल भी सामने आ चुका है। रॉक बैंड 'गन एंड रोजेज' दूसरी बार कॉन्सर्ट करने के लिए भारत आ रहे हैं।

रॉक बैंड 'गन एंड रोजेज' वर्ल्ड टूर पर हैं। दुनिया भर के अलावा वह भारत में आकर भी परफॉर्म करेंगे। इनका पहला कॉन्सर्ट 14 नवंबर को बंगलूरू और 17 नवंबर को गुवाहाटी में होगा। फैंस बुकमायशो के जरिए इस कॉन्सर्ट के टिकट बुक कर सकते हैं।

'गन एंड रोजेज' म्यूजिक बैंड में एक्सल रोज, स्लैश, डफ मैककेगन, रिचर्ड फोर्टस, डिजी रीड, मेलिसा रीस और इसाक कारपेंटर शामिल हैं। यह बैंड 1985 में लॉस एंजिल्स में बना था। 1987 में पहले स्टूडियो एल्बम 'एपेटाइट फॉर डिस्ट्रक्शन' के साथ इस बैंड को बड़ी कामयाबी मिली। कई वर्षों के दौरान इस म्यूजिक बैंड के सदस्यों में बदलाव होते रहे हैं। एक्सल रोज ही एकमात्र ऐसे सदस्य हैं जो बैंड के बनने के समय से ही इसमें शामिल हैं। वह अब भी बैंड का हिस्सा हैं।

### टॉलीवुड

## 'नागबंधम' का ट्रेलर रिलीज, वीएफएक्स और धमाकेदार एक्शन से दिखाई कहानी



शनिवार को 'नागबंधम' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर देखकर इस पैन इंडिया फिल्म के लिए दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ सकती है। पैन-इंडियन फिल्म 'नागबंधन' का धमाकेदार हिंदी ट्रेलर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर साझा किया। ट्रेलर में फिल्म की कहानी की झलक और जबरदस्त वीएफएक्स और एक्शन देखने को मिला है। फिल्म 'नागबंधन' के ट्रेलर में ब्रह्म कमल को पाने के लिए खलनायक हर हद पार करता है, कई लोगों की हत्या तक करता है। लेकिन ब्रह्म कमल की रक्षा कुछ रक्षक कर रहे हैं। खलनायक और उन रक्षकों के बीच खूनी संघर्ष होता है। फिल्म में एक्शन सीन्स कमाल के हैं, पौराणिक कथा और दिव्य शक्तियों को दिखाने के लिए वीएफएक्स का इस्तेमाल किया है। फिल्म 'नागबंधन' में विराट करण, ऋषभ सावनी, ऐश्वर्या मेनन, दक्ष नागरकर, महेश मांजरेकर और जगपति बाबू मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म को अभिषेक नामा ने निर्देशित किया। यह फिल्म 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## वेलकम' के गीत 'किया किया' का भोजपुरी वर्जन रिलीज होते ही छा गया



भोजपुरी गाने ताजगी तो भरते ही हैं, साथ ही झूमने पर मजबूर कर देते हैं। हाल ही में फेमस सिंगर मृत्युंजय कुमार ने अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम' का गाना 'किया किया' का भोजपुरी वर्जन रिलीज किया है।

भोजपुरी इंडस्ट्री भी गाने बनाने के मामले में बॉलीवुड से पीछे नहीं है। हर रोज एक से बढ़कर एक गाने रिलीज होते हैं और लोग उन्हें देखकर मजे भी लेते हैं। भोजपुरी स्टार्स को तो हर कोई जानता है, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए फेमस होने वाले सिंगर्स की अपनी अलग ही पहचान है। जहां फूहड़ता को लेकर हमेशा विवादों में घिरी भोजपुरी भाषा और इसके गानों पर सवाल उठाए जाते हैं, वहीं सिंगर मृत्युंजय कुमार अपने गानों से लोगों का दिल जीत लेते हैं।

भोजपुरी के जाने-माने सिंगर मृत्युंजय कुमार ने अपने इंस्टा पर एक गाने गाकर अपलोड किया है जिसकी खूब तारीफ हो रही है। उन्होंने अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम' का गाना 'किया किया' का फीमेल सिंगर की तरफ से जवाब दिया है, लेकिन भोजपुरी गाने के जरिए। हालांकि, उन्होंने गाना अपनी आवाज में गाया है।

वीडियो में मृत्युंजय कुमार कहते हैं, ये फेमस गाना तो आपने सुना ही होगा, तो अब इसका एक भोजपुरी वर्जन सुनिए। इसके लिरिक्स हैं, 'लाखों में एके पाई गईनी सजन, चांद मोरा सईंया, हईं चकोरी हम।' गाने पर उनके फैंस के खूब सारे रिएक्शन आए हैं और सबने खूब तारीफ भी की है।

गाने पर अब तक 1.2 मिलियन से भी अधिक व्यूज मिल चुके हैं। एक फैन ने कमेंट सेक्शन में लिखा- भाई कमाल कर दिया। एक ने कहा- भोजपुरी गाना सुनकर मजा आ जाता है। एक ने लिखा- आपका गाया हर गाना ताजगी भर देता है।

अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम' के गाने 'किया किया' की बात करें, तो इसे यूट्यूब पर अब तक 140 मिलियन से अधिक व्यूज मिले हैं। गाने में अक्षय कुमार और कटरीना कैफ थे। साथ ही, नाना पाटेकर, अनिल कपूर और मल्लिका शेरावत ने भी एक्ट और डांस किया था।

### बदलाव की आहट

एक समय था जब फ़ैशन को सिर्फ़ रेड कार्पेट पर चलने वाले लोगों के लिए ही माना जाता था, लेकिन समय के साथ फ़ैशन की परिभाषा बदल गई है। आज फ़ैशन का मतलब सिर्फ़ शानदार सूट, टक्सीडो और बेहतरीन ड्रेस पहनना ही नहीं है, बल्कि आप जो कुछ भी पहनते हैं, वह सब फ़ैशन का ही हिस्सा है। फ़ैशन अब हर किसी के लिए है—चाहे कोई भी क्लास, समाज, उम्र, जेंडर या स्टेटस हो। इंसानी तरक्की और आधुनिकीकरण ने फ़ैशन इंडस्ट्री को और बड़ा दायरा दिया है।



लाइफ स्टाइल

## चेहरा निखारेगा हिबिस्कस, बालों में आएगी नई जान

चेहरे को निखारने या फेस पैक में मिलाने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल तो लगभग सभी करते हैं। यहीं नही गुलाब के तेल से चेहरे को नई कांति मिलती हैं। लेकिन केवल गुलाब ही नहीं बल्कि लाल गुड़हल (हिबिस्कस) के फूल से भी चेहरे और बालों की सुंदरता को निखारा जा सकता है।

### त्वचा की झुर्रियों को मिटाने में मददगार


गुड़हल की पत्तियों में एंटी एजिंग गुण होता है जो त्वचा में आने वाली झुर्रियों को दूर करने में मदद करता है। इसकी पत्तियों में फ्री रेडिकल्स को हटाने की क्षमता होती है जो उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर देती है। जिससे स्किन जवां नजर आती है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

गुड़हल की पंखुड़ियों को उबालकर अच्छे से पीस लें। अब इसमें शहद मिलाकर पेस्ट बना लें और हल्के हाथों से चेहरे पर लेप की तरह लगाकर छोड़ दें। 15 से 20 मिनट बाद ठंडे पानी से धोकर चेहरा साफ कर लें। कुछ ही दिनों में आपको बेदाग गोरापन और रिंकल फ्री त्वचा मिलेगी।

### बालों के लिए है फायदेमंद

गुड़हल के फूल से बालों की देखभाल की जा सकती है। बाजार में कई सारे शैंपू आते हैं जिसमें गुड़हल के फूल का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन आप घर पर बने तेल की मदद से लंबे और घने बाल पा सकती हैं। तो चलिए जानें इसे बनाने का तरीका।



लंबे और घने बालों के लिए गुड़हल की पंखुड़ियों से बनाए पैक की मदद ली जा सकती है। इस पैक को बनाने का तरीका शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत ने बताया था।

## कुछ खास है कुर्ती के डिजाइन, ऑफिस ही नहीं कॉलेज में पहनने के लिए भी है बेस्ट



लंबी हाइट वाली लड़कियां हमेशा अपने आउटफिट को लेकर कंफ्यूज करती है। ऐसे में अगर आपकी हाइट भी लंबी है और आप पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी लेटेस्ट लोग कुर्ती सेट बताएंगे, जिसे आप पहनकर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।



### फ्लोरल प्रिंटेड गोटा पट्टी फ्लोरल कुर्ती

अगर आपकी हाइट लंबी है और आप भी अपनी लंबी हाइट के हिसाब से खूबसूरत आउटफिट देख रही हैं, तो आपके लिए यह खूबसूरत फ्लोरल प्रिंटेड गोटा पट्टी फ्लोरल कुर्ती एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। आप इस खूबसूरत कुर्ती को पहनकर किसी हसीना से कम नहीं लगेगी। इस तरह की कुर्ती को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।



### फ्लोरल प्रिंटेड प्योर कॉटन कुर्ती सेट

आप चाहे तो ऐसी कुर्ती को भी अपने बाकी आउटफिट के साथ शामिल कर सकती हैं। इस तरह का फ्लोरल प्रिंटेड प्योर कॉटन कुर्ती सेटलंबी लड़कियों के लिए बेस्ट हो सकती हैं। ऐसी कुर्ती को आप बाजार से कपड़ा लाकर बनवा सकती हैं या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। आप इस तरह की कुर्ती को अपने ऑफिस या कॉलेज में पहनकर जा सकती हैं।

### मैरून सॉलिड कॉटन कुर्ती

यही नहीं अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए भी आप इस खूबसूरत मैरून सॉलिड कॉटन कुर्ती को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती न सिर्फ आपके लुक को एलिगेंट टच देगी, बल्कि इसे पहनकर आप कंफर्टेबल महसूस कर सकती हैं।

## बेटी या बहू को कन्यादान में जरूर दें सोने की नथ

अधिकतर महिलाएं अपनी बेटी के लिए सोने की ज्वेलरी जरूर बनवाती है। ऐसे में अगर आप भी अपनी बेटी या बहू को गिफ्ट में गोल्ड ज्वेलरी देने का सोच रही हैं, तो अब आपको कंफ्यूज होने की जरूरत नहीं हैं। ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती हैं। आज हम आपको ऐसी गोल्ड नथ डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिसे देखते ही आपकी बच्ची खुश हो जाएगी।

### फ्लोरल डिजाइन नथ

सोने के भाव में उतार-चढ़ाव होता रहता है। ऐसे में हर मां चाहती है, कि सोने का भाव बढे उससे पहले ही अपनी बेटी और बहु को सोने की ज्वेलरी गिफ्ट दे दें। अब आप अपनी बेटी को इस तरह की खूबसूरत सोने की फ्लोरल डिजाइन नथतोहफे में दे सकती हैं। ऐसी नथ डिजाइन उनके चेहरे की खूबसूरती को बढ़ा देगी। आप इस तरह की नथ डिजाइन को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।



### फ्लावर एंड लीफ नथ डिजाइन

अगर आप इन्वेस्टमेंट के तौर पर अपनी बेटी या बहू के लिए गोल्ड की ज्वेलरी बनाने का सोच रही हैं, तो आप उन्हें इस तरह की खूबसूरत फ्लावर एंड लीफ नथ डिजाइन भी गिफ्ट में दे सकती हैं। इस नथ की डिजाइन इतनी खूबसूरत है, की घर में मौजूद हर कोई इस नथ की तारीफ करने पर मजबूर हो जाएगा। इस तरह की नथ को आप सुनार के यहां बनवा सकती है या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। यही नहीं अगर आप गोल्ड नथ बनवा कर अपनी बेटी या बहु को देने वाली हैं, तो इस तरह की खूबसूरत लीफ डिजाइन नथ उनके लिए बेस्ट हो सकती हैं।

## नाइट पार्टी के लिए खुद को ऐसे करें तैयार

आजकल की युवा पीढ़ी अपनी व्यस्त जीवनशैली में दोस्तों और अपनों के साथ समय बिताने के लिए पार्टी करना काफी पसंद करती है। ऐसे में आजकल नाइट पार्टी का चलन युवाओं के बीच काफी बढ़ गया है। पार्टी में सिर्फ अपनों से मिलना ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर पोस्ट करने और यादों के पिटारे में कैद करने के लिए कई सारी तस्वीरें खींचने का भी मौका मिलता है, जिसके लिए सही लुक का होना काफी जरूरी होता है। इसी कड़ी में आपको सही नाइट पार्टी लुक के लिए कुछ अच्छे मेकअप प्रोडक्ट्स की जानकारी होनी चाहिए। इन चीजों के साथ आप तरह-तरह का मेकअप लुक ले सकती हैं और खुद को हर तरह की पार्टी के लिए तैयार कर सकती हैं। यहां आपको कुछ ब्रांडेड प्रोडक्ट्स की जानकारी भी मिल जाएगी जिनका इस्तेमाल रात की पार्टी के लिए काफी प्यारा लुक लेने के लिए किया जा सकता है। आपके ब्यूटी बास्केट का अहम हिस्सा बनते हुए ये प्रोडक्ट्स सिर्फ रात की पार्टी के लिए ही नहीं, बल्कि अलग-अलग अवसरों पर भी प्यारा लुक देने में मदद करेंगे।

### किन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करके सही नाइट पार्टी लुक लिया जा सकता है?

रात की पार्टी के लिए अगर आपको एक आकर्षक और



शानदार लुक चाहिए तो आप सीमित चीजों का इस्तेमाल करके ही मनचाहा लुक पा सकती हैं। सही बेस के लिए आपको अच्छे प्राइमर, फाउंडेशन, कंसलीर और पाउडर की जरूरत होगी। उसके बाद आंखों को सुंदर दिखाने के लिए आप अलग-अलग रंग के आईशैडो, लाइनर, काजल और मस्कारा का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनके साथ आप मनचाहा आई मेकअप कर सकती हैं और पार्टी के लिए खुद को तैयार कर सकती हैं। अपने होठों को आकर्षक दिखाने के लिए आप अलग-अलग रंग की लिपस्टिक, लाइनर और ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप अपने मेकअप और कपड़ों के हिसाब से सही लिपस्टिक रंग का चुनाव कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### कंटोर मेकअप की जगह अब ब्लश ने ले ली

## फ्रेश और ग्लोइंग लुक के लिए अंडर-आई ब्लश कर रहा ट्रेंडिंग, जरूर आजमाइए इसे

आज से कुछ साल पहले तक कंटोर मेकअप छाया हुआ था, मगर अब ब्लश ने उसकी जगह ले ली है। नया मेकअप ट्रेंड कहता है कि आप ब्लश को केवल गालों पर नहीं, आंखों के नीचे भी लगाएं। ज्यादा मेकअप न करने वालों के लिए यह बेस्ट ऑप्शन है, क्योंकि अंडर आई ब्लश तुरंत हेल्दी और फ्रेश लुक दे सकता है।

### क्या है ब्लश ट्रेंड

अंडर आई ब्लश में ब्लश को आंखों के ठीक नीचे और चीकबोन के ऊपरी हिस्से पर लगाया जाता है। यह प्लेसमेंट चेहरे के मिड एरिया को हाईलाइट करती है और नेचुरल फ्लश जैसा इफेक्ट देती है। शुरुआत में यह थोड़ा अलग या ओवर लग सकता है, लेकिन सही तरीके से ब्लेंड करने पर यह बेहद सॉफ्ट और खूबसूरत दिखता है।

### सबकी पसंद बन रहा

आजकल 'नो मेकअप लुक', 'सॉफ्ट ग्लैम' और 'नेचुरल ब्यूटी' ज्यादा पसंद की जा रही है। ऐसे में अंडर-आई ब्लश एक परफेक्ट



ऑप्शन बनकर सामने आया है। विशेषज्ञों का कहना है कि सही तकनीक और हल्के हाथ से लगाया गया ब्लश आपको बिना ज्यादा मेहनत के ग्लोइंग लुक दे सकता है। वहीं सबसे खास बात है कि यह बिना ज्यादा प्रोडक्ट के चेहरे को ब्राइट और लिफ्टेड दिखाता है। खासकर कैमरे लुक के लिए।

### प्राकृतिक प्रभाव

अंडर-आई ब्लश चेहरे को विजुअली लिफ्ट करता है। जब ब्लश को ऊपर की ओर लगाया जाता है, तो ध्यान आंखों की तरफ जाता है। बढ़ती उम्र की महिलाओं के लिए यह बेस्ट है। यह त्वचा में गरमाहट जोड़ता है और आंखों को ब्राइट दिखाता है। साथ ही यह नेचुरल ब्लड फ्लो जैसा इफेक्ट देता है, जिससे चेहरा ऊर्जावान लगता है।

### अप्लाई करने के लिए

सबसे पहले हल्का बेस और जरूरत हो तो कंसीलर लगाएं। इसके बाद क्रीम या लिक्विड ब्लश का छोटा सा डॉट चीकबोन के ऊपरी हिस्से पर लगाएं। अब हल्के हाथों से ऊपर और बाहर की दिशा में ब्लेंड करें। इसे बेहतर बनाने के लिए है, तो मेकअप को मिनिमल रखें।

### ज्यादा प्रोडक्ट नहीं

ब्यूटी एंड मेकअप आर्टिस्ट दीपिका साहा बताती हैं, अंडर आई ब्लश लगाते समय कुछ सावधानियां जरूर बरतें। अगर त्वचा पर डार्क सर्कल या झाइयां हैं तो हल्का कंसीलर लगाएं। फिर क्रीम या



लिक्विड ब्लश चुनें, पाउडर न लगाएं, वह ओवर दिख सकता है। छोटे डॉट लगाकर ऊपर और बाहर की ओर ब्लेंड करें, सीधे डार्क सर्कल पर न लगाएं। ज्यादा प्रोडक्ट लगाने से बचें। हल्का और नेचुरल रंग चुनें, जो आपकी स्किन टोन से मेल खाता हो। अंत में नेचुरल लाइट में चेक कर लें।